www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 332, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 11 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पीएम मोदी ने रचा इतिहास

## जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा पीएम ने

## बधाई देने टूट पड़े मित्र देश

**नई दिल्ली**

**केंद्र** में मोदी सरकार के 12 साल होने पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की बड़ी बैठक हुई. इस बैठक में हिस्सा लेने एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी पहुंचे. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'जीवन में ये पड़ाव भी आएगा मैंने कभी नहीं सोचा था. इस राजनीतिक यात्रा में कई उतार-चढाव आए. इतने लंबे समय तक मां भारती की सेवा का सौभाग्य मिलना ईश्वर की विशेष कृपा से ही संभव हो सकता है. मेरे लिए तो जनता ही ईश्वर का रूप है. इस प्यार और धन्यवाद के लिए धन्यवाद.'

नरेंद्र दामोदर दास मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। 4399 दिन आज उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों के लगातार शासन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। यह महज एक संख्या नहीं है बल्कि 140 अरब भारतीयों के उस अटूट विश्वास की जीत है जिसने लगातार तीन बार एक ही नेता को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता की कमान सौंपी। आज वाशिंगटन से लेकर टोक्यो तक और मॉस्को से लेकर अबू धाबी तक दुनिया के ताकतवर देशों के नेता भारत की इस स्थिरता को सलाम कर रहे हैं। दरअसल साल 2014 में जब सत्ता परिवर्तन हुआ तब भारत की अर्थव्यवस्था फ्रिजाइल फाइव में थी।



प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ सबका विकास का विजन दिया। जनधन योजना के तहत 50 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गए जिससे लीकेज खत्म हुई। हाईवे निर्माण की गति 12 कि.मी. प्रतिदिन से बढ़ाकर 37 कि.मी. प्रतिदिन हुई। करोड़ों महिलाओं को धुआ मुक्त रसोई और 55 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिला। 2019 में जनता ने और भी बड़ा जनादेश दिया। जिसके बाद भारत ने अपनी आंतरिक और बाहरी नीतियों में बदलाव किए।


अनुच्छेद 370 का निष्प्रभावी होना और कश्मीर में रिकॉर्ड पर्यटन शांति का आना इसी का परिणाम है। भारत दुनिया की 10वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर पांचवी सबसे बड़ी शक्ति बन गया। यूपीआई के जरिए भारत आज दुनिया का 46% डिजिटल ट्रांजैक्शन अकेले कर रहा है। भव्य राम मंदिर का निर्माण और काशी महाकाल कॉरिडोर ने भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित कर दिया। 10 जून 2026 तक यह समय भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और साल 2047 के विकसित भारत के रोड मैप को जमीन पर उतारने का रहा है। सेमीकंडक्टर हब, एआई मशीन और गगनयान इस नए भारत की पहचान है। आज दुनिया भारत की ओर हाथ फैलाकर खड़ी है। पीएम मोदी की कूटनीति ने गुटनिरपेक्षता से आगे बढ़कर सर्वमित्र की नीति अपनाई है और इसी का परिणाम यह है कि आज दुनिया का हर कोना पीएम मोदी को बधाई दे रहा है। सबसे पहले बात इटली की तो इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी को टैग करते हुए लिखा कि भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को ढेर सारी शुभकामनाएं। मेलोनी ने रोम में हुई अपनी द्विपक्षी मुलाकात को याद करते हुए कहा कि दोनों देशों ने मिलकर एक विशेष रणनीतिक साझेदारी की शुरूआत की है जो भविष्य के नागरिकों के लिए प्रगति के नए अवसर पैदा करेगी। तो वहीं श्रीलंका की बात करें ।

# मोदी के नेतृत्व में बने रिकॉर्डों के लिए कैबिनेट ने पारित किया अभिनंदन प्रस्ताव

## कई बड़े फैसले भी लिये गये

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का नया कीर्तिमान बनाने पर बधाई दी गयी और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का भरोसा जताया गया। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री के आगमन पर मंत्रिमंडल के सदस्यों ने खड़े होकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक विशेष प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 4399 दिन तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने पर उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों के लगातार कार्यकाल का कीर्तिमान पार कर लिया है। मंत्रिमंडल ने इसे भारतीय लोकतंत्र, जनभागीदारी और जनता के विश्वास का ऐतिहासिक प्रतीक बताया। प्रस्ताव में कहा गया कि यह उपलब्धि ऐसे समय में आयी है जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने अपने बारह वर्ष पूरे किये हैं और देश ने छह दशक बाद लगातार तीसरी बार किसी सरकार को जनादेश दिया है।



प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा गया कि गरीबों के कल्याण को शासन के केंद्र में रखा गया। सरकार ने करोड़ों लोगों को पक्के घर, बिजली, स्वच्छ जल, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और साठ करोड़ से अधिक गरीबों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी। मंत्रिमंडल ने कहा कि इन योजनाओं से पच्चीस करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। युवाओं के लिये नवाचार और नव उद्यम को बढ़ावा देकर भारत को विश्व का तीसरा सबसे बड़ा नव उद्यम तंत्र बनाने का उल्लेख भी प्रस्ताव में किया गया। महिला सशक्तिकरण, लाखपति दीदी अभियान और विधानमंडलों में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण जैसे कदमों की भी सराहना की गयी। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सुधारों के क्षेत्र में लिये गये फैसलों का भी उल्लेख किया। अनुच्छेद 370 हटाने, वस्तु एवं सेवा कर लागू करने, एक रैंक एक पेंशन, नागरिकता संशोधन कानून, भारतीय न्याय संहिता तथा श्रम संहिताओं को ऐतिहासिक कदम बताया गया। आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल और एअर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, सिंधु जल संधि स्थगित करने, नक्सलवाद पर नियंत्रण और पूर्वोत्तर में शांति समझौतों को भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की उपलब्धि बताया गया।

## 'बस अपनी बेटी को सुरक्षित वापस चाहते हैं'

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी में स्थित खूबसूरत लेकिन ऊबड़-खाबड़ पहाड़ों के बीच इस वक्त रेस्क्यू टीमें एक बड़े और बेहद चुनौतीपूर्ण तलाशी अभियान में जुटी हुई हैं। वहीं, दूसरी तरफ रामनगर का एक मध्यमवर्गीय परिवार कभी न खत्म होने वाले एक भयानक इंतजार से गुजर रहा है। उनके लिए, यह घटना अब खबरों में आने वाली किसी 'लापता ट्रेकर' की कहानी मात्र नहीं है, बल्कि एक लाडली बेटी, प्यारी पोती और बहन की जिंदगी का सवाल है, जिसके अचानक गायब होने से पूरा परिवार अंदर से टूट चुका है।

## पाकिस्तानी सेना का Mi-17 हेलीकॉप्टर क्रैश, 21 सैनिकों की मौत

**मुजफ़्फ़राबाद**

**मुजफ़्फ़राबाद** के पास पाकिस्तान आर्मी एविएशन का ट्र-17 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया, जिसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (क्रढफ) के बयान के अनुसार, यह हादसा हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। सेना ने पुष्टि की कि इस हादसे में कोई भी जीवित नहीं बचा। बताया जा रहा है कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण



दुर्घटनाग्रस्त हुआ, हालांकि अधिकारियों ने हादसे के सही कारण का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है। 'डॉन' के अनुसार, क्रढफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोग शहीद हो गए।

## नीट स्टूडेंट्स के साथ पैरेंट्स भी कर सकेंगे बस में फ्री सफर

# री-एग्जाम से पहले पंजाब सरकार ने दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली**

NEET यूजी री- एग्जाम 2026 देने जा रहे छात्रों के लिए पंजाब सरकार ने राहत भरी घोषणा की है. राज्य सरकार ने फैसला किया है कि परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों और उनके एक अभिभावक या गार्डियन को 20 जून से 22 जून तक पंजाब रोडवेज की सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी. सरकार का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में होने वाली परेशानियों को कम करना है.



**छात्रों को मिलेगी मुफ्त यात्रा की सुविधा**

पंजाब कैबिनेट के फैसले के अनुसार, 21 जून को आयोजित होने वाले NEET UG री-एग्जाम में शामिल होने वाले सभी छात्र पंजाब रोडवेज की बसों में बिना किसी किराए के यात्रा कर सकेंगे. यह सुविधा परीक्षा से पहले और बाद की यात्रा को ध्यान में रखते हुए तीन दिनों तक उपलब्ध रहेगी.

**एक अभिभावक भी कर सकेगा मुफ्त सफर**

सरकार ने केवल छात्रों ही नहीं, बल्कि उनके साथ जाने वाले एक अभिभावक या गार्डियन को भी मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का निर्णय लिया है. इससे खासकर दूर-दराज के इलाकों से परीक्षा देने आने वाले छात्रों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी।

# टीएमसी के 19 बागी सांसदों की लिस्ट आयी सामने



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की राजनीति से यह बड़ी खबर सामने आई है. ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस से बागी हुए 19 सांसदों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने लोकसभा स्पीकर को लिखे पत्र पर हस्ताक्षर किए थे. बागी सांसदों की इस सूची में काकोली घोष (बारासात), जगदीश चंद्र बसूनिया (कूच बिहार) और खलीलुर रहमान (जांगीपुर) शामिल हैं.

इसके साथ ही, टीएमसी के बागी कैंप में बहरामपुर के सांसद युसूफ पठान, अबू ताहिर खान (मुर्शिदाबाद), पार्थ भौमिक (बैरकपुर), बापी हलदर (माथुरापुर), सयानी घोष (कोलकाता साउथ), मिताली बेग (आरामबाग), दीपक अधिकारी (घाटल), कालिपदा सोरेन (झाड़ग्राम), जून मालिया (मेदिनीपुर), अरूप चक्रवर्ती (बांकुरा), डॉ. शर्मिला सरकार (बर्धमान ईस्ट), शत्रुघ्न सिन्हा (आसनसोल), आसित कुमार मल (बोलपुर), शताब्दी रॉय (बीरभूम) और रचना बनर्जी (हुगली) शामिल हैं.

**टीएमसी का बागी सांसदों पर हमला**

इधर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद ने मंगलवार को पार्टी के बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला. उन्होंने बागी नेताओं पर राजनीतिक नैतिकता की कमी, भाजपा से संबंध रखने और संकट के समय पार्टी कार्यकताओं को छोड़ने का आरोप लगाया. कल्याण बनर्जी ने सवाल उठाया कि यदि बागी सांसदों के पास उतना समर्थन है, जितना वे दावा कर रहे हैं, तो वे औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल क्यों नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा उन्हें स्वीकार नहीं करेगी. यह बयान उस समय आया जब काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व वाले बागी गुट ने दावा किया था कि वे लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर एनडीए को समर्थन देने की घोषणा करेंगे ।

# लाइसेंसिंग और निगरानी में बड़ी लापरवाही, 21 मौतों के बाद जांच के घेरे में सरकारी एजेंसियां

**नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के पॉश इलाके मालवीय नगर में स्थित एक गेस्ट हाउस में लगी भीषण आग, जिसमें 21 बेकसूर लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी, की जांच अब एक बेहद गंभीर मोड़ पर पहुंच गई है। शुरूआती दौर में जहां सारा ध्यान होटल के मालिकों और ग्राउंड स्टाफ की लापरवाही पर था, वहीं अब इस मामले की सुई दिल्ली की लाइसेंसिंग और रेगुलेटरी (नियमन) व्यवस्था में फैली गहरी खामियों की ओर घूम गई है। तमाम



नई जानकारियों ने दिल्ली प्रशासन के सामने एक बड़ा और तीखा सवाल खड़ा कर दिया हैः जब सुरक्षा मानकों और कागजी दस्तावेजों की बुनियादी शर्तों का सरेआम उल्लंघन हो रहा था, तो इस मौत के कुएं को कमर्शियल ऑपरेशन की इजाजत किसने और कैसे दी? 3 जून को 'फ्लोरिश स्टे इ&इ' में लगी आग हाल के वर्षों में राजधानी में होटल में लगी सबसे खतरनाक आग की घटनाओं में से एक थी।

जांचकताओं के अनुसार, होटल के अकाउंटेंट जय मिश्रा ने पुलिस को बताया कि मालिक लवकेश बजाज के कहने पर उन्होंने बेड-एंड-ब्रेकफास्ट लाइसेंस लेने के लिए अपने पर्सनल डॉक्यूमेंट्स दिए थे। बताया जाता है कि उन्होंने कहा कि एप्लीकेशन प्रोसेस खुद मालिक ने ही संभाला था।

# पीएम मोदी ने बिना छुट्टी लिए देश की सेवा की, बनाया नया रिकॉर्ड- रेखा

**नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर बुधवार को उत्तरी दिल्ली की किशनगंज गौशाला का दौरा किया और एक मंदिर में पूजा-अर्चना की। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि आज वह (मोदी) सबसे लंबे समय तक पद रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं और वह बिना एक भी दिन की छुट्टी लिए, देश की सेवा कर रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि करोड़ों लोग



प्रधानमंत्री मोदी के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हर कोई देश का सम्मान बढ़ाने और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहता है, जिसके लिए वह निरंतर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं के केंद्र में महिलाएं हैं, चाहे वह देशभर में शौचालयों को बढ़ावा देकर उन्हें सम्मान देना हो या उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराकर उनके जीवन को आसान बनाना हो। गुप्ता ने कहा, इस अवसर पर मैं देश की महिलाओं की ओर से भी उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। मोदी ने 10 जून को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं।

# सीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत कवर

## यूपी की तीन तलाक और एसिड अटैक पीड़ितों के लिए योगी सरकार का बड़ा फैसला

**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए एक अभूतपूर्व कल्याणकारी खाका तैयार कर रही है। राज्य सरकार ने समाज की सबसे जरूरतमंद और पीड़ित महिलाओं–जिनमें तीन तलाक से प्रभावित, एसिड अटैक की शिकार और बेसहारा या परित्यक्त महिलाएं शामिल हैं–को मुख्यधारा में लाने के लिए एक विशेष योजना को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। इस संवेदनशील पहल के तहत पात्र पीड़ित महिलाओं को न केवल सुरक्षित छत (आवास) मुहैया कराई जाएगी, बल्कि उनके संपूर्ण इलाज और स्वास्थ्य सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सरकार उठाएगी।

आधिकारिक योजनाओं के अनुसार, पात्र महिलाओं को 'प्रधानमंत्री आवास योजना' और 'मुख्यमंत्री आवास योजना' जैसी प्रमुख आवास योजनाओं में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, उन्हें 'आयुष्मान भारत' और 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना' जैसे प्रमुख स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों का लाभ भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री के निदेशों के बाद इस पहल पर तेजी से काम हो रहा है और महिला एवं बाल विकास विभाग लाभार्थियों का डेटा इकट्ठा कर रहा है। सरकार ने राज्य भर में पात्र महिलाओं की पहचान करने के लिए बड़े पैमाने पर डेटा इकट्ठा करने और उसकी पुष्टि करने का काम शुरू कर दिया है।



**तीन श्रेणियों की महिलाओं को मिलेगा लाभ**

अधिकारियों ने बताया है कि तीन मुख्य श्रेणियों की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगीः तीन तलाक से प्रभावित महिलाएं, एसिड अटैक से बची महिलाएं और बेसहारा या छोड़ी गई महिलाएं। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इन समूहों को घर, स्वास्थ्य सेवा और व्यापक सामाजिक सुरक्षा का लाभ व्यवस्थित रूप से मिल सके।

अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि यह योजना सिर्फ.आर्थिक मदद तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका ध्यान सुरक्षित घर और व्यापक स्वास्थ्य सेवा कवरेज के जरिए लंबे समय तक स्थिरता देने पर है, ताकि लाभार्थी सम्मानजनक और स्वतंत्र जीवन जी सकें।

सरकार पात्र लोगों की सही पहचान सुनिश्चित करने के लिए कई विभागों के साथ तालमेल बिठा रही है और यह कोशिश कर रही है कि कोई भी जरूरतमंद महिला इस व्यवस्था से छूट न जाए।

# अधिकारी निरंकुश हो गए हैं सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है : विधायक संदीप पटेल

## समाजवादियों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर करछना एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**करछना प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रदेशव्यापी धरना एवं ज्ञापन के तहत समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना ने आज तहसील मुख्यालय परिसर में महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी करछना को विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू, जिलाध्यक्ष जमुनापार पप्पू लाल निषाद, माननीय विधायक मेजा संदीप सिंह पटेल तथा जिले के सम्मानित पदाधिकारीगण, विधानसभा, ब्लॉक संगठनों के पदाधिकारीगण, जोनल, सेक्टर तथा बूथ लेवल के पदाधिकारी एवं पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। 9 सूत्रीय ज्ञापन विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने पढ़कर सुनाया जिनमें पेपर लीक, किसानो के उत्पाद फसल का समर्थन मूल्य घोषित किया जाय तथा समय से उचित दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराया जाय, शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओ को रोजगार मुहैया कराया जाय, औधोगिक क्षेत्र नैनी मे स्थापित उघोगों को पुनः चालू कराया जाय, घरेलू गैस,पेट्रोल,डीजल की आकाश चूमती मूल्य वृद्धि तत्काल वापस ली जाय, विपक्ष के कार्यकर्ताओ का उत्पीड़न,अपराध,बलात्कार व फर्जी इन्काउन्टर बन्द किया जाय, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थानो की उपरोक्त शुल्क वृद्धि वापस ली जाय, पुरानी पेंशन बहाली तथा वित्त विहीन शिक्षको को सम्मान जनक व मानदेय,सेवा नियमावली बनायी जाय, पत्रकारो की सुरक्षा व उन्हे कार्य का पारिश्रमिक प्रदान किया जाय, पी०डी०ए० परिवारो पर बढ़ते अत्याचार पर रोक लगायी जाये जिसपर उप जिलाधिकारी करछना तपन मिश्रा ने ज्ञापन को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को भेजने का वचन दिया। विधायक संदीप पटेल ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब अखिलेश यादव जी प्रदेश की मुख्यमंत्री पद की कुर्सी संभालेंगे तथा गरीबों के दिन बहुराएंगे, प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है अधिकारी कर्मचारी निरंकुश हो गए हैं सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि यदि पीडीए परिवारों पर अत्याचार होता रहा तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतारेगी। जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने आए हुए कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की ₹अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, जीना है तो मरना सीखो । कदम कदम पर लड़ना सीखो, जुल्म वहीं पर होते हैं खामोश जहां पर रहते हैं₹।। डॉक्टर लोहिया ने कहा था कि जिंदा कौमें 5 साल का इंतजार नहीं करती। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महासचिव इंजीनियर जगदीश यादव, जिला अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष गण पप्पू इसराइल, डॉ. गुलाम मुस्तफा, जयशंकर भारती, महेंद्र सरोज, नंदलाल पटेल, सना उल्ला खान, छोटे लाल शर्मा, नीरेंद्र सिंह यादव, जयनारायण भारतीया, राजेश यादव, विजय बहादुर पटेल, रमेश पाल, डॉ0 हरिहर देव, मान सिंह पटेल, ओम प्रकाश सिंह कबूतर, उमेश यादव, अशोक भारती, बाबा यादव, शिव प्रसाद, प्रेम शंकर पार्षद, राजू पासी, दिनेश पटेल, रवीन्द्र जैसल, केशव, संदीप, राम कैलाश, मोहित यादव, नितेश तिवारी, विमल किशोर निषाद, राहुल भारती, ओंकारनाथ कुशवाहा, रणजीत सोनकर, कमलेश पुष्कर, गीता भारती, सीमा, रेनु रोशनी, मंगला पाल, राम निरंजन विश्वकर्मा, मंगल देव कोल, विजय राज यादव पूर्व प्रमुख, श्याम बिहारी यादव, अजय भारती, धर्मेंद्र यादव, राजेश पटेल, डॉ0 विजय बाबू जिला पंचायत सदस्य, बृजेश यादव जिला पंचायत सदस्य, शिवाकान्त यादव जिला पंचायत सदस्य, मो आरिफ, मो. शारिक प्रदेश सचिव, अमर बहादुर सिंह विशेष आमंत्रित सदस्य, दिवाकर द्विवेदी, रमाकांत यादव, विकास बारा, सनी बसही, हिमांशु पाण्डेय, नीरज प्रजापति एडवोकेट, प्रदीप, प्रकाश विश्वकर्मा सहित हजारों की तादात में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक, भाजपा कार्यकर्ताओं ने की पूजा अर्चना

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बारह साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को भाजपा गंगापार इकाई ने सहसों के गुलालपुर स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा गंगापार की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक फूलपुर दीपक पटेल तथा जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने पार्टी कार्यकताओं के साथ विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। इसके बाद महाआरती संपन्न हुई तथा श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अधिमास के दौरान गंगापार क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। विधायक दीपक पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मोदी देश के ऐसे पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए जनता की सेवा और देश का नेतृत्व किया है। कार्यक्रम में चेयरमैन फूलपुर अमरनाथ यादव, जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल, पार्षद अरुण कुमार मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी, रोहित केशरी, मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल, अनिल मौर्य, अतुल पांडेय, रणविजय सिंह, रोहित निषाद, ब्लॉक प्रमुख डब्बू यादव, भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, आत्मधर दुबे, गोपीनाथ स्वर्णकार, भूपेंद्र मिश्रा, राजेश सिंह, कपिल सिंह, मंडल महामंत्री सहसों पवन शुक्ला, कार्तिकेय त्रिपाठी, महेंद्र तिवारी, भूपेंद्र पांडेय, लता विश्वकर्मा, नीलम गिरी, ललिता पटेल, सूरज यादव, उदयभान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संदिग्ध अवस्था में नाले में मिला शव, जाँच में जुटी पुलिस

## मौके पर पहुंचे एसीपी थरवई, पूछताछ जारी, घटना को अंजाम देने वाले अपराधी जल्द होंगे पुलिस की गिरफ्त में : एसीपी थरवई अरुण पाराशर

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** बुधवार को संदिग्ध अवस्था में 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पाया गया। मामले की छानबीन में जुटी रही पुलिस। मामला थाना क्षेत्र थरवई के जगदीशपुर मनसैता में 55 वर्षीय व्यक्ति जिसकी पहचान राम गोपाल पाल पुत्र स्व राजा राम पाल निवासी थरवई मनसैता के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम गोपाल पाल घटना के एक दिन पूर्व दोपहर करीब में सड़क पार करते हुए नजर आया था। काफी समय होने पर जब वो घर नहीं पहुंचा तो कुछ आशंका लगी उसकी तलाश करने लगे लेकिन कुछ पता ना चल सका। बुधवार सुबह जब ग्रामीण गांव के किनारे जब आवागमन के दौरान नजर पड़ी तो नाले की ओर पड़ी तो देखा किसी व्यक्ति का शव पड़ा है। तभी घटना की तत्काल सूचना स्थानीय थाना थरवई व डायल 112 को दी गई तो मौके पर टीम के साथ पहुंचे इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय मौके पर पहुंचकर बॉडी को बाहर निकलवाया गया तो उसकी पहचान राम गोपाल पुत्र स्व० राजा राम पाल उम्र करीब 55 वर्ष निवासी जगदीशपुर मनसैता के रूप में हुई । पुलिस ने अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पीएम हेतु भेजा गया। तभी कुछ ही समय सूचना पर पहुंचे एसीपी थरवई। घटनास्थल पर पहुंचकर हर पहलुओं से मामले की छान - बीन में जुटे रहे और लोगों से भी मामले की जानकारी ली। मृतक राम गोपाल छः भाई एक बहन में दूसरे नंबर के थे। इस घटना के घटित होने क्षेत्र में सन्नाटा सा छा गाया। स्थानीय लोगों ने बताया की राम गोपाल साधारण किस्म का आदमी था जो दूध का फिल्टर लेकर शहर की ओर जाया करता था और आने के बाद गाय भैंस चराने में व्यस्त रहता था। घटना कैसे हो गई किसने की इन सभी पहलुओं की पुलिस जाँच में जुटी है। बताया जा रहा की वह मोबाइल आदि का प्रयोग नहीं करता था। वहीं घर वालों का रो - रो कर बुरा हाल रहा। मृतक के तीन बेटे व एक बेटी थी जो बेटी की शादी हो चुकी है। मामले को लेकर पुलिस हर तरह से जाँच पड़ताल में जुटी है। एसीपी थरवई ने मामले की जाँच पड़ताल में जुटे रहे वहीं पूछ ताछ हेतु कुछ संदिग्धों से पूछ ताछजारी है।

**बाईट - सहायक पुलिस आयुक्त थरवई**

एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने बताया* कि 10 जून 2026 को सुबह करीब 6:45 बजे डायल 112 पर सूचना मिली थी कि थाना थरवई क्षेत्र के गांव जगदीशपुर मनसैता में नाले के पास एक शव पड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव की पहचान राम गोपाल उम्र 55 वर्ष, निवासी मनसैता के रूप में हुई। मृत्यु का सही कारण जानने के लिए नियमानुसार पंचनामा और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है और नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आने वाले पीढ़ियों की खुशहाली के लिए धरा को रखें हरा भरा : पीके सिंह

## पर्यावरण सप्ताह के समापन पर इकाई प्रमुख ने की पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील

**अखंड भारत संदेश**



पर्यावरण सप्ताह के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए इकाई प्रमुख

**फूलपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए कोई एक दिन विशेष नहीं होता बल्कि यह कार्यक्रम वर्ष भर का होता है। व्यक्ति जहां भी रह रहा हो उस जगह की धरा को को हराभरा अवश्य रखे, क्योंकि इसका लाभ उसके साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी होगा। यह बाते मंगलवार को इफको की फूलपुर इकाई मे एक सप्ताह से चल रहे पर्यावरण सप्ताह के समापन के अवसर पर घियानगर वासियो को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए वरिष्ठ महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पीके सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट जनों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ। वरिष्ठ प्रबंधक ई.पी.सी. उमेश कुमार ने पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक विवरण दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी, महिलाओं एवं बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया तथा धन्यवाद ज्ञापन अनूप यादव ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक क्रमशः पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, ए.के.गुप्ता, सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र, सुरेश कुमार सिंह (ईपीसी) मौजूद रहे। पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## दिव्यांग नवदंपतियों को मिलेगा शादी प्रोत्साहन पुरस्कार, 15 हजार से 35 हजार रुपये तक की सहायता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत नवविवाहित दिव्यांग दंपतियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। योजना के अंतर्गत पात्र दंपतियों को उनकी दिव्यांगता की स्थिति के अनुसार 15 हजार रुपये से लेकर 35 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने बताया कि यदि नवविवाहित दंपति में केवल युवक दिव्यांग है तो 15 हजार रुपये, केवल युवती दिव्यांग होने पर 20 हजार रुपये तथा युवक और युवती दोनों दिव्यांग होने की स्थिति में 35 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों का पालन करना आवश्यक है। विवाह के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा दंपति आयकरदाता श्रेणी में नहीं होना चाहिए और दिव्यांगता का प्रतिशत 40 या उससे अधिक होना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र मान्य होगा। योजना का लाभ केवल उन दंपतियों को मिलेगा जिनका विवाह 1 अप्रैल 2025 के बाद संपन्न हुआ है।

इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र (यदि उपलब्ध हो), आय प्रमाणपत्र, आयु प्रमाणपत्र, दिव्यांगता प्रमाणपत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाते की पासबुक तथा आधार कार्ड की प्रति अपलोड करनी होगी। अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पूरा करने के बाद उसकी हार्ड कॉपी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ विकास भवन, प्रयागराज स्थित कक्ष संख्या-13 में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। विभाग ने पात्र नवविवाहित दिव्यांग दंपतियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

## मांडा में आरटीओ ने दो ट्रैक्टरों का चालान किया



**मांडा।** आरटीओ अधिकारियों ने बुधवार को यमुनापार क्षेत्र के मांडा-गिरधरपुर के पास दो ट्रैक्टरों का चालान किया। इनमें एक ईंट लदे ट्रैक्टर पर 40 हजार रुपये और एक गिट्टी लदे ट्रैक्टर पर 36 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। यह कार्रवाई कृषि उपयोग के लिए पंजीकृत ट्रैक्टरों के व्यावसायिक प्रयोग, ओवरलोडिंग, प्रदूषण मानकों का उल्लंघन और बीमा न होने के कारण की गई। चालान के बाद दोनों ट्रैक्टरों को मांडा थाने में दाखिल कर दिया गया। इस कार्रवाई से सड़क पर ओवरलोड वाहन चलाने वाले अन्य ट्रैक्टर मालिकों में हड़कंप मच गया। आरटीओ द्वारा यह औचक निरीक्षण और कार्रवाई अवैध वाहन चालकों और बिना लाइसेंस के ओवरलोड वाहन चलाने वालों द्वारा छोटी-छोटी दुर्घटनाओं को अंजाम देने की लगातार मिल रही खबरों के मद्देनजर की गई है।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष सहसों का हाल जानने पहुंचे विधायक दीपक पटेल, वहीं शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना



**सहसों।** फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के दरियापुर उर्फ गुलालपुर गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष सहसों जय प्रकाश द्विवेदी के अस्वस्थ होने की सूचना पर बुधवार को विधायक फूलपुर दीपक पटेल एवं बहादुरपुर प्रमुख अरुणेंद्र यादव 'डब्बू' उनके आवास पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना।

जानकारी के अनुसार लगभग एक माह पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में जय प्रकाश द्विवेदी के पैर में गंभीर चोट लग गई थी, जिसके कारण वह उपचाराधीन हैं। विधायक दीपक पटेल ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इसी प्रकार इसके उपरांत विधायक फूलपुर एवं प्रमुख बहादुरपुर गुलालपुर हेतापट्टी निवासी भाजपा कार्यकर्ता श्याम प्रकाश तिवारी के घर पहुंचे, जहां उनके बड़े भाई शिवमूर्ति तिवारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि किसी प्रियजन का असमय निधन परिवार के लिए अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक क्षण होता है। विधायक दीपक पटेल ने आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

इस दौरान नामित पार्षद अरुण कुमार मिश्रा 'पिंटू नेता', विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, कपिल सिंह, भूपेंद्र पांडेय सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शुभ मंगल राजपूत ने बढ़ाया प्रयागराज का मान, यूपी स्पोर्ट्स कॉलेज चयन परीक्षा में बल्लेबाजी वर्ग में शीर्ष स्थान



**सहसों।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद ग्राम सभा निवासी 14 वर्षीय क्रिकेट खिलाड़ी शुभ मंगल राजपूत ने उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेज की मुख्य चयन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 6 के बल्लेबाजों की श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और प्रयागराज जनपद का गौरव बढ़ा है। शुभ मंगल राजपूत, मनीष राजपूत के पुत्र हैं और एक प्रतिष्ठित क्षत्रिय परिवार से संबंध रखते हैं। उनके दादा जितेंद्र सिंह आयकर विभाग में कार्यरत हैं, जबकि पिता मनीष कुमार प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं। अपनी सफलता पर शुभ मंगल ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों तथा सोनमती क्रिकेट एकेडमी, झूंसी प्रयागराज के प्रशिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि कोचों के मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत और परिवार के निरंतर सहयोग से ही यह उपलब्धि हासिल हो सकी। शुभ मंगल की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों, खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विवाहिता के पिता ने बेटी के ससुरालियों के खिलाफ दहेज प्रथा का दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी श्री नाथ पटेल ने अपनी पुत्री रितु पटेल की शादी 7 मई 2025 को प्रतापगढ़ के थाना मान्धाता के ग्राम हरख सेसपुर निवासी बृजेश कुमार पटेल के साथ किया था। श्री नाथ का आरोप है कि उसकी बेटी को आए दिन मार पीट की जाने लगी। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व पति रितु पटेल को मार पीट कर मयके सुल्तानपुर खास छोड कर भाग गया।जाने के बाद उल्टा हत्या की धमकी देने लगा। जिसपर बेटी के पिता श्री नाथ ने थाना में बेटी रितु पटेल के पति बृजेश कुमार पटेल,ससुर प्रहलाद पटेल,जेठ राहुल, जेठानी नाम अज्ञात,सास पिलखुवाईन देवी, नन्द सोनी देवी, जेठ ननदोई मनोज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

# पुष्कर सेवा संस्थान ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव ।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच बुधवार को क्षेत्र के समोधीपुर-बेलवरिया चौराहे पर पुष्कर सेवा संस्थान की ओर से शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राहगीरों और ग्रामीणों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई।

संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। चौराहे से गुजरने वाले राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों का स्वागत कर उन्हें शरबत वितरित किया गया। गर्मी के मौसम में किए गए इस जनसेवा कार्य की लोगों ने सराहना की।

संस्थान के संस्थापक शंकर लाल पांडा ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक सेवा कार्यों से समाज में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि पुष्कर सेवा संस्थान ग्रामीणों के सहयोग से आगे भी समय-समय पर जनहित के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्यारेलाल पटेल, मोहन पटेल, कमलेश कुमार, गुलाब कुशवाहा, फूलचंद कुशवाहा, गुलाबनबी, सुरेंद्र मिश्रा, सुभाष, संतोष प्रजापति, हौसला प्रसाद, जितेंद्र कुमार, रामचंद्र, पारस पटेल, सरोज, धर्मराज, इंद्रजीत पटेल, पूर्व प्रधान नंदलाल पटेल, सुनील कुमार, डॉ. मूलचंद समेत अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा और पारदर्शिता पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के तीसरे दिन बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को शासन की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने द्वारका प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज समेत कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और विद्युत आपूर्ति सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। परीक्षा कक्षों में पहुंचकर उन्होंने व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा संचालन की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, अभ्यर्थियों की सघन जांच करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर है।

डीएम ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा में तैनात कार्मिकों को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की हिदायत दी।

प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त निगरानी में जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही है।

# बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारी परखेगा प्रशासन, आज जिले के कई स्थानों पर होगी राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बाढ़ आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को प्रयागराज में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। जिले के विभिन्न तहसीलों में चयनित स्थलों पर सुबह नौ बजे से यह अभ्यास शुरू होगा, जिसमें आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न परिस्थितियों का प्रदर्शन कर राहत एवं बचाव कार्यों की क्षमता का परीक्षण किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन सदर तहसील के वीआईपी घाट, संगम, धुस्सा घाट और किला घाट के अलावा सोरांव तहसील के फाफामऊ, फूलपुर के झूंसी, बारा के कंजासा, करछना के अरैल, हंडिया के जीजीआईसी सैदाबाद तथा मेजा तहसील के समहन गांव में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के सफल संचालन के लिए संबंधित तहसीलों के उपजिलाधिकारी और तहसीलदारों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की समन्वित कार्यप्रणाली का परीक्षण भी किया जाएगा।

मॉक ड्रिल में नाव पलटने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालना, डूबते व्यक्तियों का रेस्क्यू, मेडिकल कैंप की स्थापना, अतिवृष्टि में फंसे लोगों की खोज एवं बचाव, प्रभावितों को राहत शिविरों तक पहुंचाना और गांवों को खाली कराकर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने जैसे अभ्यास किए जाएंगे।

इसके अलावा बाढ़ के दौरान आग लगने की घटनाओं से निपटने, राहत शिविरों के संचालन, नदी कटान की स्थिति में कार्रवाई, पशु शिविरों की व्यवस्था तथा अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर नियंत्रण से जुड़े प्रबंधन का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रशासन का कहना है कि इस अभ्यास का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना और राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभावशीलता को बढ़ाना है, ताकि वास्तविक आपदा के समय त्वरित और बेहतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के गौहनिया-करछना मार्ग स्थित करमा बाजार में मंगलवार देर रात ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। करमा क्षेत्र के डेरवा चकिया गांव निवासी 30 वर्षीय करन पटेल पुत्र ज्ञानचंद्र पटेल किसान थे। मंगलवार को किसी काम से नैनी गए थे। देर रात वह बाइक से घर लौट रहे थे। बताया गया कि जैसे ही वह करमा बाजार स्थित केसी धर्मकांटा के पास पहुंचे, गौहनिया की ओर से करछना जा रही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्राली का लोहे का एंगल करन के सिर और चेहरे में लग गया। हेलमेट न पहनने के कारण उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। हादसे की सूचना पर पहुंचे स्वजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए प्रयागराज ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# पंचायत निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन, 10 जून से शुरू हुआ निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत जनपद प्रयागराज की सभी ग्राम पंचायतों और उनके प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। संशोधित मतदाता सूची अब आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) उपमा पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के प्रावधानों के तहत सभी तहसीलों की ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों में आवश्यक संशोधन के बाद उनका अंतिम प्रकाशन किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रकाशित निर्वाचक नामावली की प्रतियां 10 जून 2026 से संबंधित कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। इच्छुक नागरिक जिला स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में जाकर मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नाम एवं अन्य विवरणों का सत्यापन कर लें, ताकि पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पंचायत चुनाव की पारदर्शिता और सुचारु संचालन के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन एक महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है।

## 'मेरे पति ने दूसरी शादी कर ली है'.... 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई नाराज पत्नी, 2 घंटे चला हंगामा

**प्रयागराज।** निमहरा मंदिर सैदाबाद स्थित एक 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक महिला चढ़ गई। हंगामा करते हुए नीचे कूदने की धमकी देने लगी। मौके पर पहुंची हंडिया पुलिस ने उसे नीचे उतरने को कहा तो वह अपने पति व ससुरालवालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गई। बोली उसका पति उसे साथ नहीं रख रहा है। उसने दूसरी शादी कर ली है। अगर कार्रवाई न हुई तो वह अपनी जान दे देगी। काफी समझाने के बाद दोपहर करीब 1:15 बजे उसे नीचे उतरा गया। उधर, उतरांव पुलिस ने महिला के पति का शांतिभंग में चालान कर दिया। इसके पहले उससे पूछताछ की गई तो उसने दूसरी शादी से इनकार किया। उतरांव थानांतर्गत पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी ऋतु भारतीय की शादी वर्ष 2023 में मदार्पुर गांव के रहने वाले रोहित से हुई थी। बुधवार सुबह वह निमहरा मंदिर सैदाबाद स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। 60 फीट ऊंची टंकी पर उसे चढ़ा देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

**पति ने दूसरी शादी से किया इनकार-** कुछ लोगों ने उसे नीचे उतरने को कहा तो वह कूदने की धमकी देने लगी। खबर पाकर हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची। फायरकर्मियों को भी बुलाया गया। इंस्पेक्टर अनूप सरोज ने उसे नीचे उतरने को कहा तो ऋतु बोली कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए ससुरालवाले प्रताड़ित करते थे। इसे लेकर उसने मुकदमा भी दर्ज कराया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच उसे पता चला कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है, इसलिए वह उसे अपने साथ नहीं रखना चाहता। ऐसे में जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा, वह नीचे नहीं उतरेगी। अपनी जान दे देगी। काफी समझाने के बाद उसने बात मानी, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे नीचे उतारा।

हंडिया इंस्पेक्टर अनूप सरोज का कहना है कि प्रकरण उतरांव थाने से संबंधित है, इसलिए महिला को वहां भेजा गया है। उतरांव थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। रोहित को हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ की गई तो उसने दूसरी शादी करने से इनकार किया है। जबकि ऋतु कह रही है कि रोहित ने दूसरी शादी की है। इसकी जांच की जा रही है। साथ ही रोहित का शांति भंग में चालान किया जा रहा है।

# अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने विभिन्न मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन






अखंड भारत संदेश

**बारा प्रयागराज।** संयुक्त किसान मोर्चा प्रयागराज उत्तर प्रदेश बुधवार को भारी संख्या में दर्जनों गांवो से आये किसानों मजदूरों ने बारा तहसील परिसर में एकत्रित होकर उप जिलाधिकारी गणेश कनौजिया को नौ सूत्रीय मांग पत्र सौपा। एस डी एम ने आश्वासन दिया कि तहसील स्तर की समास्याओं को हल करेंगें बाकी सरकार को भेजेंगे।

धरना स्थल में सजे बैनर में लिखा था खाद, बीज डीजल, रसोई गैस के दाम कम करो, काला बाजारी रोको, आपूर्ति की गारन्टी करो, मंहगाई घटाओ, स्मार्ट मीटर योजना स्थगित नही वापस लो, बिजली कानून 2025 रद्द करो, मनरेगा अमल करो कम्पनी पक्षधर जी राम जी वापस लो साल में 200 दिन काम 600 मजदूरी दो, गरीबों किसानों मजदूरो के सभी कर्जे माफ करो, गांवो में खुली शराब की दुकानें बन्द करो, महिलाओं की सुरक्षा एवं युवाओं की बरबादी बन्द करो, भूमिहीनों को जमीन एवं आवास के पट्टे दो, बालू खनन में 24 जून 2019 का गलत आदेश वापस लो मछली पकड़ने का ठेका वापस लो, बिरवल, कंजासा, जगदीशपुर , गंज गांवो से साइबर ठगी की शिकार महिलाओं ने साइबर ठगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। धरने को एआईकेएमएस अध्यक्ष राम कैलाश कुशवाहा, सचिव राजकुमार पथिव , उपाध्यक्ष सुरेश निषाद, प्रदेश सचिव हीरालाल, के-केयू के सचिन सिंह, रजनीश सिंह, गोपी पाल, विनोद शैलानी, शशी देवी ने सम्बोधित किया राजेश पहाड़ी, अनारकली, मंजू देवी , लक्ष्मी देवी,अल्पा देवी, रामू निषाद, दीपचंद आदि मौजूद रहे।

# न्यू नैनी सर्विस स्टेशन गौहानी में स्वागत समारोह दिवस मनाया गया

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जमुनापार में न्यू नैनी सर्विस स्टेशन इंडियन आयल पेट्रोल टंकी का बुधवार को इंडियन ऑयल के रिटेल्स सेल्स डी०जी०एम० एपी सिंह, अभिषेक कुमार अग्रवाल सीनियर मैनेजर मार्केटिंग इंडियन ऑयल कार्पोरेशन, सचिन कुमार डी०ओ०सीनियर मैनेजर ,जय कुमार भारती मैनेजर सेंट्रल सेल्स एरिया इंडियन ऑयल द्वारा स्वागत समारोह दिवस मनाया। स्वागत समारोह में , सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगो को जागरूक किया गया । चालकों एवं सम्मानित ग्राहकों फ्लीट कार्ड के बारे में अवगत कराया गया। प्रचार ब्यापम के लिए उपहार से पुरस्कृत किया गया। न्यू नैनी सर्विस स्टेशन के ऑनर असरफ उर्फ बाबा टंकी ने बताया कि 10 जून को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वागत समारोह दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हसनैन, राजू सिंह (प्रधान) कमलापति त्रिपाठी, मुकेश सिंह, असरफ बाबा टँकी, श्यामाकांत चिल्ला, जितेन्द्र केसरवानी (बबलू ), बलराम मिश्रा, संदीप, घनश्याम चौधरी, मुकेश सिंह, बलराम मिश्रा, मुराद अली, पिंटू समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नैनी में तेज आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई स्थानों पर गिरे पेड़

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में मंगलवार देर रात अचानक तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज आंधी के कारण चीनी मिल के पास एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया जिससे आवागमन कुछ समय के लिए बाधित रहा। इसी प्रकार इंदलपुर रोड पर भी एक पेड़ गिरने की घटना सामने आई। सड़क पर पेड़ गिरने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों और संबंधित विभाग की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाया गया। पेड़ हटने के बाद मार्ग पर यातायात पुनः सुचारु रूप से शुरू हो गया। हालांकि तेज हवा और बारिश के कारण क्षेत्र में कई स्थानों पर लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात चली तेज आंधी और बारिश कई घंटों तक जारी रही। जिससे जगह-जगह पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।



# संगम सभागार में हुई नाव सुरक्षा समिति की बैठक दुर्घटनाओं की रोकथाम और जागरूकता पर जोर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गंगा-यमुना में बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने नाव संचालन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को संगम सभागार में नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने की।




बैठक में नाव दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुरक्षित नाव संचालन, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों तथा नाविकों और आम लोगों को जागरूक करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने नाव सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों के पालन पर विशेष जोर देते हुए ''क्या करें और क्या न करें'' संबंधी बिंदुओं को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने का निर्णय लिया।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि नदी क्षेत्रों में नाव संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने और जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस, चिकित्सा, परिवहन, पंचायती राज, सिंचाई, समाज कल्याण, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा नगर विकास विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा नाविक एवं मछुआरा संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

प्रशासन का मानना है कि नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से नदी क्षेत्रों में होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ-साथ नाविकों की सुरक्षा और आजीविका से जुड़े मुद्दों को भी बेहतर तरीके से संबोधित किया जा सकेगा।

## मेजा में आए चक्रवाती तूफान ने मचाई तबाही कई घर क्षतिग्रस्त सड़के बाधित विद्युत आपूर्ति ठप

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा में बीती रात आई तेज आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाई है। इस दौरान चक्रवाती तूफान में भारी तादात में पेड़ो के गिरने से जहां सड़कों पर आवागमन बाधित रहा वहीं जगह जगह बिजली खंभों के गिरने और तार टूटने के कारण पूरी रात और दिन विद्युत आपूर्ति भी ठप रही। कठौली के जनवार गांव में बगीचे में बंधे मवेशियों के ऊपर अचानक पेड़ गिर गया जिससे एक मवेशी की मौके मौत हो गई। इसी प्रकार पूरे मेजा में कहीं मकान के ऊपर पेड़ गिरे तो कहीं बिजली के खंभों और तारों गिरे पेड़ों को देखा गया। चारों तरफ तबाही ही तबाही का मंजर रहा। ऐसे में कई मार्गों पर आवागमन प्रभावित भी पूरी तरह से प्रभावित रहा। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। इतना ही नहीं क्षेत्र में आए भीषण तूफान के कारण बिजली आपूर्ति भी बाधित रही जिसके कारण इस उमस भरी गर्मी में लोग बेहद परेशान रहे जबकि विद्युत विभाग के कर्मी पूरे दिन भर तारों एवं खंभों पर गिरे पेड़ों की कटाई छंटाई में रहे फिर भी पूरे क्षेत्र में बुधवार शाम तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई थी। बिजली व्यवस्था ठीक न होने के कारण मेजा कोतवाली में दिन भर सरकारी कामकाज काफी प्रभावित रहा। बिजली के अभाव में लोग बूंद बूंद पानी को तरसते रहे। मेजा,मांडा और रामनगर सीएचसी के अलावा निजी अस्पतालों में मरीजों का हाल बेहाल रहा। इस संबंध विभागीय अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार शाम तक पूरे इलाके में सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था बहाल होने की संभावना है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई रात्रि चैपालें

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**प्रतापगढ़। केंद्र** सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद प्रतापगढ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रात्रि चैपालों का आयोजन किया गया। चैपालों के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं गांव स्तर पर मौजूद समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से 09 जून को पांच विकासखंड की ग्राम पंचायत क्रमशः विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ की ग्राम पंचायत मोटीन, सदर की ग्राम पंचायत सराय महिमा, कालाकांकर की ग्राम पंचायत तिवारीपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम की ग्राम पंचायत ईशनपुर तथा बाबागंज की ग्राम पंचायत कोडरखुर्द में नामित नोडल अधिकारियों की अध्यक्षता में रात्रि चैपालों का आयोजन किया गया। चैपालों में बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। ग्रामीणों द्वारा नाली निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल व्यवस्था, सडक मरम्मत, भूमि विवाद सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए, जबकि अन्य जटिल मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे। चैपालों में आवास, पेंशन, राशन, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। रात्रि चैपाल के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देने के साथ-साथ आवश्यक दवाएं वितरित की गईं तथा विभिन्न बीमारियों की जांच की गई।

# बेखौफ चोरों ने रोर गांव में लाखों की चोरी की घटना को दिया अंजाम

**कुंडा। बाघराय** थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें न पुलिस का डर है और न ही कानून का खौफ। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद एक भी बडे मामले का संतोषजनक खुलासा न कर पाने वाली बाघराय पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

ताजा मामला थाना क्षेत्र के रोर गांव का है, जहां मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित जितेंद्र कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया पर वायरल किए गए अपने वीडियो में बताया है कि चोर घर के पीछे की खिड़की काटकर अंदर घुसे और बेखौफ होकर आलमारी तथा बेड बॉक्स के ताले तोड डाले। चोर करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 25 हजार रुपये नकद समेट ले गए। सबसे बडा सवाल यह है कि आखिर क्षेत्र



में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस अंकुश लगाने में क्यों विफल साबित हो रही है? ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में हुई कई चोरी की घटनाओं का आज तक खुलासा नहीं हो सका, जिससे चोरों के हौसले और बढ गए हैं। पीड़ित ने बाघराय थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग की है। करीब 20 दिन पहले बिहार विकासखंड क्षेत्र में भी एक बडी चोरी की घटना हुई थी। आरोप है कि पीड़िता द्वारा तहरीर देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया गया और उसे ही विभिन्न तर्क देकर वापस भेज दिया गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब चोरी की घटनाओं में न मुकदमे दर्ज होंगे और न खुलासे होंगे, तब अपराधियों के हौसले बढना स्वाभाविक है।

# राम नाम के रटन में है भवसागर से पार का मार्ग- गायत्री

**प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर** विकासखण्ड के रामपुर भेड़ियानी में बुधवार को कथा विश्राम में अयोध्या से पधारे गायत्री नंदन जी ने कहा कि भवसागर से पार लगने का सबसे सरल उपाय हर समय राम के नाम मे रमना है। उन्होने कहा कि मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का अनुपम चरित्र आज के युवाओं को त्याग तथा नीति व नैतिकता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा है। कथा व्यास गायत्री नंदन जी ने कहा कि भगवती सीता की अर्चना मे नारियों को पति के प्रति



निश्छल अनुराग और समर्पण के भाव का दर्शन हुआ करता है। उन्होने कहा कि लक्ष्मण जी एवं श्री भरत जी व श्री शत्रुघ्न का श्रीराम के प्रति मर्यादित भातृत्व प्रेम कलिकाल में परिवार को अनिष्ट से बचाने का सुमंगल मंत्र कहा। विश्राम दिवस पर संयोजक पं0 श्यामशंकर पाण्डेय व आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव नारायण पाण्डेय ने कथाव्यास गायत्री नंदन जी का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से सम्मान किया।

# तेज गति के चक्रवाती तूफान से बड़े पैमाने पर हुआ नुकसान, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

## बिजली के सात दर्जन पोल टूट कर गिरे, पेड़ों के गिरने से मचा हाहाकार

**प्रतापगढ़। बारिश** के साथ तीव्र गति से आये चक्रवाती तूफान के चलते मंगलवार की रात लालगंज क्षेत्र में जनजीवन अस्त व्यस्त हो उठा दिखा। चक्रवाती तूफान के चलते विद्युत विभाग के कई पोल टूट कर गिर गये। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ वाराणसी समेत प्रमुख मार्गो पर भी बड़े बड़े पेड़ व डालियां गिरने से देर रात तक यातायात व्यवस्था बाधित देखी गयी। विद्युत पोलों के टूटने से लालगंज टाउन एरिया की बाजार समेत दीवानी वार्ड, अझारा वार्ड, सांई की कुटी वार्ड, बाजार खास, शीतलमऊ वार्ड, नेताजीपुरम वार्ड, पूरे टीकाराम वार्ड के साथ पूरे हरिकिशुन, वर्मा नगर, तिना, धधुआ गाजन, बाबूगंज, पूरे वंशी, सलेम भदारी, समापुर, मिश्राइनपुर, बेलहा, नया पुरवा, अगई समेत लगभग पचास से अधिक गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। नगर के बाबा घुइसरनाथ रोड पर भी आधा दर्जन से अधिक बिजली के खम्भे टूट कर गिर गये। वही आकलन के मुताबिक लगभग सात दर्जन विद्युत पोल टूट गये हैं। पेड़ों तथा डालियों के गिरने से लालगंज टाउन एरिया की बाजार में कई प्रतिष्ठानो के टिन शेड क्षतिग्रस्त हो उठे। वही कई दो पहिया तथा चार पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। शीतलमऊ तथा दीवानी वार्ड में पेड़ गिरने से आवागमन दूसरे दिन बुधवार को दोपहर बाद तक भी बाधित देखा गया। राजेन्द्र नगर नहर मार्ग, दीवानी वार्ड, घुइसरनाथ रोड तथा कालाकांकर रोड पर पेड़ गिरने से आवागमन ठप हो





गया। इससे देर रात तक वाहनों का इन मार्गो पर ठहराव बना दिखा। नेशनल हाइवे पर आवागमन सुचारू बनाने के लिए आधी रात तक स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी हांफते देखा गया। विद्युत आपूर्ति ठप होने से घरो मे पेयजल आपूर्ति की कठिनाई से बड़ी संख्या मे लोग हलाकान दिखे। लालगंज के राजेन्द्र नगर चैराहे पर आरपी ग्रैण्ड, अझारा स्थित वैष्णवी मण्डपम, अवारा होटल तथा जमुना प्रसाद टी स्टाल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। अझारा वार्ड में ट्रांसफार्मर भरभराकर नीचे गिर गया। तूफान थमने के बाद से मंगलवार की रात से बुधवार की शाम तक मार्गो से गिरे पेड़ों को हटवाए जाने में वन विभाग व नगर पंचायत कार्यदायी संस्था को मशक्कत करते देखा गया। वहीं विद्युत विभाग भी आपूर्ति व्यवस्था की बहाली को लेकर कवायद में जुटा दिखा। तैंतीस हजार क्षमता की लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा उठी देखी गयी।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रदद होना लोकतंत्र की हत्या- प्रमोद तिवारी

**लालगंज। राज्यसभा** में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मध्य प्रदेश में राज्य सभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को रदद किये जाने को लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर हुई यह अलोकतांत्रिक कार्रवाई लोकतंत्र के इतिहास मे हमेशा के लिए बदनुमा कलंक दर्ज होगा। उन्होने कहा कि मीनाक्षी नटराजन की सुनिश्चित जीत देख एक बड़े षडयंत्र के तहत यह कार्रवाई



प्रजातंत्र की सीधे तौर पर हत्या है। उन्होने तंज कसा कि पीएम मोदी जवाहर लाल नेहरू के सबसे लम्बे कार्यकाल को पार करने जा रहे हैं तब मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस अराजनैतिक कार्रवाई के जरिए उन्हें (पीएम को) तोहफे के रूप में लोकतंत्र की हत्या भेंट कर दी। बुधवार को जारी बयान में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कटाक्ष किया कि मोदी जी ने नेहरू जी का रिकार्ड तोड़ा तो भाजपा जश्न मना रही है। उन्होने कहा कि कड़वा सच तो यह है कि यह जश्न मंहगाई और बेरोजगारी के चरम पर होने तथा विदेश नीति के फेल होने को लेकर बबार्दी का जश्न है। उन्होने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में बिखरे भारत को जोड़ा।

# मंहगे आईफोन की बरामदगी के साथ दो शातिर चोर धराये, भेजे गए जेल

## एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान में लालगंज पुलिस की कामयाबी पर अफसरों ने थपथपाई पीठ

**प्रतापगढ़। चोरी** का माल बेंचकर लिए गए दो आईफोन की बरामदगी के साथ लालगंज पुलिस ने घटना मे शामिल दो अन्य वांछित आरोपियों को धर दबोचा। जिले के एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने चोरी की घटना के खुलासे के तहत वांछित आरोपियो की तलाश के लिए टीम गठित की। थाने के दरोगा बनवारी लाल पुलिस फोर्स के साथ बुधवार को गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम द्वारा भेभौरा शिवदीन का पुरवा तालाब के पास दो संदिग्धो को दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपियो ने बीती पन्द्रह अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के छेमी पूरे



नोती में हुई चोरी की घटना में खुद के भी शामिल होने की बात स्वीकार की। पकड़े गये आरोपी महेशगंज थाना के नरियावां राजापुर निवासी कुनाल त्रिपाठी पुत्र रविशंकर त्रिपाठी तथा इसी गांव का आरोपी प्रिंस तिवारी पुत्र हीरामणि द्वारा बताया गया कि चोरी का माल बेंचकर दोनों ने पैतीस-पैतीस हजार कीमती दो आईफोन खरीदे थे। घटना में शामिल पुलिस द्वारा आधा दर्जन आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया गया था। बुधवार को दोनों आरोपी साथियों की गिरफ्तारी के डर के कारण वर्मा नगर से रायबरेली फरार होने को निकले थे। पुलिस टीम की सफलता पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय तथा लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र ने प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के साथ सफलता लेने वाली टीम को सराहा है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, शिथिलता पर जताई नाराजगी

**प्रतापगढ़। मुख्य** विकास अधिकारी ने विकास खंड शिवगढ कार्यालय का जिला विकास अधिकारी के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत ग्राम पंचायत सिंगाही में संचालित फार्मर रजिस्ट्री कार्य का स्थलीय सत्यापन भी किया गया। इस दौरान वरिष्ठ तकनीकी सहायक, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव एवं लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि संबंधित पंचायत सहायक द्वारा विगत एक सप्ताह से एक भी किसान की फार्मर रजिस्ट्री नहीं की गई है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि अनवेरिफाइड सूची से किसानों का चयन कर प्रतिदिन न्यूनतम 10 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित लेखपाल को राजस्व संबंधी प्रकरणों जैसे वरासत दर्ज करने, आदेशों के अनुपालन एवं अन्य लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों के सत्यापन एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करने को कहा। निरीक्षण के दौरान ग्राम सिंगाही निवासी एक किसान की फार्मर रजिस्ट्री स्वयं पोर्टल पर कराए जाने का प्रयास भी किया गया। इस क्रम में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव एवं लेखपाल को निर्देशित किया गया कि किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रातःकाल अथवा सायंकाल के समय कराया जाए, जिससे पोर्टल पर तकनीकी समस्याओं की संभावना कम रहे और कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों, पंचायत सहायकों, लेखपालों एवं संबंधित विभागीय कर्मियों को निर्देशित किया है कि अनवेरिफाइड सूची में शामिल अवशेष किसानों की शीघ्र पहचान कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि शासन की मंशानुसार किसानों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जा सके।

# राम जानकी मंदिर में किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

**पट्टी। मंडल** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन जन कल्याण के सर्वाधिक कार्यकाल बारह वर्ष के पूर्ण होने पर पट्टी मंडल में अध्यक्ष रमेश चंद्र स्वर्णकार के नेतृत्व में श्री राम जानकी मंदिर पर पुरोहित श्याम शंकर दुबे राधे राधे की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक हनुमान चालीसा पाठ एवं पूजन आरती किया गया। प्रधानमंत्री के दीघार्यु होने की कामना की गई। पूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मंडल



महामंत्री अशोक कुमार जायसवाल, जिला मंत्री एवं मंडल उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राम चरित्र वर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी आशीष खंडेलवाल,मंडल महामंत्री मनोज कुमार खंडेलवाल, आईटी प्रमुख अनुपम सिंह, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष शीतल प्रसाद सरोज,मंडल मंत्री अभिषेक सिंह गोलू, बूथ अध्यक्ष राम प्रकाश जायसवाल, पूर्व बूथ अध्यक्ष पवन खंडेलवाल,सभासद एवं बूथ अध्यक्ष संतोष पुष्पाकर, सभासद प्रतिनिधि राजेश सरोज।

# जीवित बुजुर्ग को मृत दिखाकर करा लिया वसीयत, शिकायत

**पट्टी। दिलीपपुर** के नौहर हुसेनपुर गांव निवासी एक बुजुर्ग को मृत दिखाकर कुछ लोगों ने उसकी जमीन को अपने नाम करा लिया। इसकी शिकायत बुजुर्ग ने डीएम से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। रानीगंज तहसील के नौहर हुसेनपुर गांव निवासी गौरीशंकर सिंह का कहना है कि एक महिला ने जालसाजी करके उसे मृत दिखाकर उसकी सभी पैतृक जमीन अपने तथा दो अन्य लोगों के नाम खतौनी में दर्ज करा लिया, जमीन की खतौनी की जांच करने के बाद उसे इसकी जानकारी हुई।

# अधिवक्ता जागृति की मौत को लेकर साथियों में पनपा आक्रोश, किया प्रदर्शन

**लालगंज। प्रयागराज** में महिला अधिवक्ता जागृति शुक्ला की चिकित्सीय लापरवाही के चलते हुई मौत को लेकर बुधवार को यहां वकीलों का आक्रोश भड़क उठा। वही अधिवक्ताओं में साथी अधिवक्ता राजेश्वर यादव पर बुधवार की सुबह हुए प्राणघातक हमले को लेकर भी गुस्सा देखा गया। वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की संयुक्त अगुवाई में तहसील गेट पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर गुस्से का इजहार किया। नाराज वकीलों ने एसडीएम समेत विभिन्न राजस्व एवं चकबंदी अदालतो में





न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव भी पारित किया। आम सभा का संचालन महामंत्री शिवरंजन यादव व संयोजन उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने किया। आम सभा को अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, कमलेशचंद्र तिवारी, संदीप सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, दिनेश मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, अशोक शुक्ला, प्रमोद सिंह, केके शुक्ला।

# भागवत कथा श्रवण से मिलती है माया से मुक्ति- आचार्य

**कुंडा। ब्रह्म** सत्यं जगन्मिथ्या, जीवो ब्रह्मैव नापरः ईश्वर ही एकमात्र शाश्वत, नित्य और अंतिम सत्य है। यह भौतिकि संसार परिवर्तनशील है, इसलिए इसे मिथ्या (भ्रम या माया) कहा गया है। हमारी आत्मा (जीव) और उस परम ब्रह्म (ईश्वर) में कोई अंतर नहीं है, दोनों एक ही हैं। इस दर्शन के अनुसार, जब तक इंसान मोह-माया और अहंकार में फंसा रहता है, तब तक उसे संसार वास्तविक लगता है। ज्ञान प्राप्त होने पर ही उस परम सत्य (ब्रह्म) का बोध होता है। मंगलवार को शिवपुरम् स्थित देवालय पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिवस कथा व्यास आचार्य पुनीत महराज



अयोध्या धाम ने सुधी श्रोताओं को कथा का रसपान करते हुए कही। व्यास ने कथा क्रम के विस्तार में निगम कल्पतरोः -निगम का अर्थ है वेद, और कल्पतरु का अर्थ है इच्छा पूरी करने वाला दिव्य वृक्ष। वेद रूपी शुकदेव जी के मुख इस भागवत रूपी कल्पवृक्ष का सबसे पका हुआ और मीठा फल श्रीमद्भागवत महापुराण है। जब शुकदेव जी ने अपने मुख से महाराज परीक्षित को यह कथा सुनाई, तो इसमें भक्ति और ज्ञान का अमृत रस और बढ गया।

आचार्य मंडली के भक्तिपूर्ण भजनों से कथा का माहत्म्य बढ जाता है। कथा में सैकडों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति और ज्ञान की गंगा में डुबकी लगा रहे हैं।

# पति पर घर से निकालने व मासूम बच्चा छीनने का आरोप

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के दाउदपुर गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर मारपीट कर घर से निकालने तथा तीन वर्षीय मासूम बच्चे को जबरन अपने पास रखने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दाउदपुर गांव निवासी कहकशा पत्नी साबिर अली ने पट्टी कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध हैं। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। पीड़िता का कहना है कि जब भी वह पति से इस संबंध में सवाल करती है तो वह नाराज होकर उसके साथ मारपीट करता है और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। महिला के अनुसार, पति के व्यवहार से वह काफी समय से परेशान है। आरोप है कि बुधवार की सुबह पति ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, पति ने उसके तीन वर्षीय मासूम बच्चे को भी अपने पास रख लिया और उसे बच्चे से मिलने तक नहीं दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत पत्र प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा देने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

## दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन समेत वाहन चालक हुआ फरार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पुलिस भर्ती परीक्षा देने बाइक से बनारस जा रहे युवक की कोखराज थाना क्षेत्र के राम वन गमन मार्ग परसरा चौराहे के पास सड़क हादसे में मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस और मृतक युवक के परिजनों को दी गई है सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन समेत वाहन चालक फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

जानकारी के मुताबिक,पश्चिम



शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा निवासी अनुज शर्मा उम्र 25 वर्ष पुत्र अजय शर्मा बुधवार की सुबह बाइक से पुलिस भर्ती परीक्षा देने बनारस जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के राम वन गमन मार्ग परसरा के पास पहुंचे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकरा गया,जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया, बताया जाता है कि दुर्घटना में बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गई थी दुर्घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना क्षेत्र की भरवारी चौकी पुलिस ने युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी है,सूचना मिलने के बाद मृतक के परिवार के लोग भी रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंचे है वही पुलिस ने लिखापढ़ी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है।

### दंपति सहित बच्चे पर हमला करने वाले आधा दर्जन लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में 9 जून की शाम को मोहम्मद अयान पुत्र महमूब अहमद और उसके अम्मी अब्बू को आधा दर्जन लोगों ने मिलकर बेरहमी से मारा पीटा था जिससे अयान और उसके अम्मी अब्बू को चोटें आई थी मामले की सूचना पीड़ित की अम्मी शबीना बेगम ने पुलिस को दिया पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया गया कि मोहल्ले के साकिर अल्तमस अमन समीर शाकिम आसिफ खुश दिल हसनैन आदि लोग बच्चे को पीट रहे थे बच्चों के हल्ला मचाने पर जब उसकी अम्मी पहुंची तो उसको भी पीटा गया और जब हल्ला सुनकर बच्चों के अब्बू पहुंचे तो उनको भी पीटा गया दबंगों ने तीन लोगों को पीट कर लहूलुहान कर दिया था मामले की शिकायत चौकी पुलिस से हुई उसके बाद फिर मामले की शिकायत एसपी कार्यालय में हुई जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है हमला करने वाले दबंग आरोपी फरार बताए जाते हैं जिनकी तलाश चौकी पुलिस कर रही है।

# पैसा न जमा हो पाने पर शव देने से किया इंकार

## इलाज में मौत के बाद डाक्टरों की घिनौनी हरकत : रुपए जमा नहीं करने पर मृतक के परिजनों को अस्पताल से भगाया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में बुधवार की सुबह एक वृद्ध की इलाज के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मौत हो गई, मरीज की मौत होने के बाद अस्पताल के डाक्टर ने रुपए जमा करने को परिवार के लोगों से कहा लेकिन मुसीबत बस पीड़ित परिवार रुपए नहीं जमा कर सके आरोप है कि रुपए न जमा करने पर डाक्टर ने गाली गलौज कर अस्पताल से भगा दिया और शव को कमरे में बंद कर दिया सूचना पर पहुंची डॉयल 112 की पुलिस ने जांच शुरू की कोखराज थाना क्षेत्र के खालिसपुर निवासी कमलेश ने अपने पिता शिवलाल की मंगलवार सुबह तबियत खराब होने पर जीवनदीप अस्पताल भरवारी में इलाज के लिए भर्ती करवाया,भर्ती करवाने के दौरान दस हजार रुपए अस्पताल में नगद जमा किया जिससे इलाज शुरू हुआ। डॉक्टर ओपी गुप्ता ने बताया कि गुर्दा खराब हो गया है, इलाज करके ठीक कर देंगे। बुधवार



की सुबह 3 बजे शिवलाल की मौत हो गई। परिजनों ने शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने को तैयार हुए तो अस्पताल संचालक व डाक्टर ओमप्रकाश द्वारा 12 हजार रुपए जमा करने को कहा गया तो परिजनों ने रुपए जमा करने में असमर्थता जताई तो गाली गलौज कर परिजनों को अस्पताल से भगा कर शव को कमरे में बंद कर दिया गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची डॉयल 112 की पुलिस कर्मियों ने डाक्टर से बात कर कहा कि रुपए के लिए आप किसी के शव को अस्पताल में नहीं रख सकते है। तब जाके परिजनों को शव मिला। इस दौरान अस्पताल के बाहर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। मृतक वृद्ध के बेटे कमलेश ने बताया कि पहले डाक्टर ने 10 हजार जमा कराए फिर 12 हजार की मांग किया लेकिन इलाज सही करते तो मेरे पिता की जान बच सकती थी। मरीज की मौत के बाद शव को कब्जे में लेकर धन वसूली करने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो डॉक्टरों की करतूत उजागर होगी सवाल उठता है कि जिस मरीज की जिंदगी डाक्टर नहीं बचा सके उसकी मौत के बाद धन वसूली का क्या अधिकार है।

# जिलाधिकारी ने गो-आश्रय स्थल, बरौलहा का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने बुधवार को गो-आश्रय स्थल, बरौलहा का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत गो-आश्रय स्थल में समुचित व्यवस्था न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सचिव, ग्राम पंचायत एवं पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सचिव, ग्राम पंचायत को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी से गो-आश्रय स्थल में गोवंशो की संख्या, भूसा एवं हरा चारा की उपलब्धता एवं दान से प्राप्त भूसा आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि गो-आश्रय स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखी जाए जिलाधिकारी ने गो-आश्रय स्थल में



एक सी.सी.टी.वी. कैमरा लगा पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए पशु चिकित्साधिकारी को एक और सी.सी.टी.वी. कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केयरटेकरों को समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भ्रमण पंजिका आदि का अवलोकन करते हुए सचिव, ग्राम पंचायत एवं पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए।

## विशेष लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए गुगल फार्म भरने की अंतिम तिथि अब 31 जुलाई तक

**कौशांबी।** सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने के संबंध में दिनांक 21, 22 तथा 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ सम्पन्न किया जाना है, जिसके संदर्भ में प्री-सिटिंग की प्रक्रिया दिनांक 22.05.2026 से प्रारम्भ हो गयी है। इस विशेष लोक अदालत में अपने मामलों के निस्तारण के लिए गुगल फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई, 2026 निर्धारित की गयी थी,जिसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी गयी है यह जानकारी सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी।

# चोरी करने वाले दो अभियुक्तो को पुलिस ने किया गिरफतार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दो जगहों पर चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना का अंजाम दिया था जिसे भुक्तभोगी ने दिनांक 08.04.2026 को थाना मंझनपुर पर मोमना बानो पत्नी सहाबउद्दीन निवासिनी रामपुर मंडूकी थाना मंझनपुर द्वारा सूचना दी गयी कि बीती रात्रि में अज्ञात चोरो ने घर में घुसकर उनका सूटकेस चोरी कर ले गये जिसमें गहने व रुपए थे।तहरीर के आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 141/2026 धारा 305ए/331 (4) बीएनएस पंजीकृत हुआ वहीं दूसरी ओर दिनांक 05.06.2026 को विष्णू देवी पत्नी कृपा शंकर पाण्डेय निवासी सरदार पटेल नगर मंझनपुर ने सूचना दी कि बीती रात्रि में मेरे बन्द पड़े मकान में अज्ञात चोरो द्वारा घर का ताला तोड़कर गहने व रुपए चोरी कर लिया गया है तहरीर के आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 209/2026 धारा 305अ/331(4) बीएनएस पंजीकृत हुआ चोरी की घटनाओं के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक ने थाना मंझनपुर व एसओजी को निर्देशित किया था।

मंगलवार को थाना मंझनपुर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आस-पास के लोगो से पूछताछ सर्विलांस सीसीटीवी कैमरों की मदद से उपरोक्त चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित प्रकाश में आये 02 वांछित अभियुक्त नथन उर्फ पवन पुत्र लालमन और मसरूर पुत्र मो० अच्छे निवासी ग्राम सिहोरी थाना कोखराज को रामपुर बसोहरा गांव के बाहर फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार लिया और अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 जोडी पायल सफेद धातु, 02 नाक की कील पीली धातु, 39150 रू0 नगद तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किया है। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। बरामद मोटरसाईकिल को धारा 207 एम०वी० एक्ट में सीज किया गया कड़ाई से पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने जुर्म कबूल किया है।

# एक सप्ताह से गायब वृद्ध का नहीं लगा सुराग



**महेवा घाट कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव निवासी परम सुख और लगभग 55 वर्ष पुत्र हर छठी सरोज 4 जून से अचानक लापता हो गए हैं परिवार के लोगों ने संभावित स्थानों पर उनकी काफी खोजबीन की लेकिन 7 दिनों के बीत जाने के बाद उनका कहीं सुराग नहीं लगा है मामले की सूचना परिवार के लोगों ने थाना पुलिस को भी दिया है पुलिस ने भी खोजबीन की है लेकिन गायब व्यक्ति का कहीं सुराग नहीं लगा है जिससे परिवार के लोग परेशान हैं परिवार के लोगों ने आम जनता से अपील की है कि परम सुख के बारे में किसी सज्जन को जानकारी मिले तो वह परिवार के मोबाइल नंबर 956535 7932 पर सूचना दें।

# 7 दिन पहले गायब अधेड़ का नहीं लगा सुराग



**कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक रघुनाथ के रहने वाले विनोद केसरवानी उम्र 48 वर्ष पुत्र जगन्नाथ केशरवानी 03 जून को अचानक घर से लापता हो गए हैं विनोद के लापता होने के बाद परिवार के लोगों ने संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की लेकिन विनोद का कहीं सुराग नहीं लगा है परिवार के लोगों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दिया है पुलिस ने भी संभावित स्थानों पर विनोद की खोजबीन की लेकिन तमाम प्रयास के बाद भी विनोद केसरवानी का कहीं सुराग नहीं लगा जिससे किसी अनहोनी की आशंका से परिवार के लोग परेशान हैं धीरे-धीरे घटना को एक सप्ताह बीत गए हैं जिससे परिवार के लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है परिवार के लोगों ने आम जनता से अपील की है कि कहीं विनोद केसरवानी दिखाई पड़े तो परिवार के मोबाइल नंबर 84 2358 58 54 वा 7276 76 4116 पर सूचित करें।

### प्रतिबंध के बावजूद कौशांबी में धड़ल्ले से हो रहा मत्स्य आखेट

**कौशांबी।** शासन द्वारा मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए 1 जून से 30 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन कौशांबी थाना क्षेत्र के लोहकट, सोनवारा, गुरौली, गढ़वा, पाली सहित कई गांवों में इस आदेश का खुलेआम उल्लंघन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार प्रतिबंध अवधि के दौरान भी नदियों और जलाशयों में मछली पकड़ने का कार्य जारी है। आरोप है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी के बावजूद नियमों का प्रभावी पालन नहीं हो पा रहा है। इससे शासन के आदेशों की अनदेखी होने के साथ-साथ जलीय जीवों के संरक्षण के उद्देश्य पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते रोकथाम नहीं की गई तो मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन चक्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और मत्स्य विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और प्रतिबंध अवधि में नियमों का कितना पालन सुनिश्चित कर पाता है।

# प्राण घातक हमले के आरोपियों की डेढ़ महीने बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

**हमला करने वाले दबंग के चौकी पुलिस से मधुर संबंधों के चलते पीड़ित परिवार परेशान**

**नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पीड़ित परिवार ने एसपी से दुबारा लगाई सुरक्षा की गुहार**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के लौधौर गांव मैं डेढ़ महीने पहले प्राण घातक हमले के मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद हमले के नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने को पुलिस भूल गई है बताया जाता है कि हमला करने वाले लोग चौकी पुलिस के बहुत नजदीक हैं और चौकी पुलिस के नजदीक होने के चलते प्राण घातक हमले के आरोपियों को चौकी पुलिस बचाने का लगातार प्रयास कर रही है घटना को धीरे-धीरे डेढ़ महीने बीत गए हैं मामले की शिकायत पहले भी पुलिस अधीक्षक से हुई थी दोबारा फिर पुलिस अधीक्षक के यहां पहुंचकर पीड़ित परिवार ने फरियादी किया है लेकिन हमला वालों की गिरफ्तारी चौकी पुलिस करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है जिससे कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही है लौधौर गांव निवासी मीना देवी पत्नी लवकुश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।पीड़ित ने बताया कि उनके परिवार पर डेढ़ महीने पहले प्राण घातक हमला हुआ था गंभीर आपराधिक घटना के संबंध में थाना पिपरी में मुकदमा अपराध संख्या 0122/2026 दर्ज है।मुकदमे में ग्राम प्रधान राज सिंह भंवर सिंह धारा सिंह सोनू सिंह सुंदर सिंह सूरज सिंह मुकेश पांच अज्ञात लोगों नामजद है। आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, लूटपाट और अन्य गंभीर अपराध किए थे।





इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है,लेकिन डेढ़ महीने बीत जाने के बाद भी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि सभी आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और पीड़ित पक्ष पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। साथ ही लगातार धमकियां देकर भय का माहौल पैदा किया जा रहा है,जिससे पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।पीड़ित का कहना है कि आरोपियों के प्रभावशाली होने के कारण विवेचना प्रभावित होने और गवाहों पर दबाव बनाने की आशंका बनी हुई है।पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कराई जाए तथा उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद में प्रशासन की ओर देख रहा है। हमला करने वाले लोगों को बचाने का लगातार प्रयास चौकी पुलिस कर रही है बताया जाता है कि हमला करने वाले लोग चौकी पुलिस के कमाऊ पूत हैं जिससे अपने कमाऊ पूत पर कार्यवाही करने को चौकी पुलिस तैयार नहीं दिखाई पड़ रही है जिससे चौकी पुलिस के कारनामे पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में किसानों को उर्वरकों के कम प्रयोग करने की दी सलाह

## दलहनी तिलहनी खेती के अच्छादन को बढ़ाने एवं प्राकृतिक खेती अपनाने पर दिया गया विशेष बल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार कृषि विभाग द्वारा कृषकों को खेत बचाओ अभियान के तहत दिनांक 5 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान की तर्ज पर जनपद के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों की 03-03 टीम गठित की गई है,जिसमें कुल 90 चयनित ग्राम पंचायत में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चायल,नेवादा एवं मझंनपुर की ग्राम पंचायत मखउपुर,गोविन्दपुर गोरियो गौसपुर टिकरी,सेसा, दरियापुर, फतेहपुर शाहपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के कृषि वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह, डा.अमित केसरी, एवं डा.आशीष श्रीवास्तव, सहित कृषि विभाग के अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों, प्राविधिक सहायक ग्रुप सी, एटीएम तथा बी.टी.एम. द्वारा प्रतिभाग किए गए किसानों को उर्वरकों के कम प्रयोग,दलहनी तथा तिलहनी खेती के अच्छादन को बढ़ाने एवं प्राकृतिक खेती अपनाने पर विशेष बल दिया गया।

# रिश्वत न देने पर फरियादी को बीस जूता मारने की धमकी, वीडियो वायरल

## सिराथू तहसील का मामला, लेखपाल पर गंभीर आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद के सिराथू तहसील में एक दबंग लेखपाल का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,जिसमें फरियादी रामभवन से रिश्वत न मिलने पर उसे बीस जूता मारने जैसी आपत्तिजनक बात कहे जाने का आरोप लगाया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।बताया जा रहा है कि फरियादी घरौनी संबंधी कार्य को लेकर लेखपाल सुनील कुमार व कमल सिंह के पास पहुंचा था। आरोप है कि रिश्वत की मांग पूरी न होने पर लेखपाल ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फरियादी रामभवन को अपमानित किया और धमकी भरे शब्द कहे। इसका वीडियो किसी व्यक्ति द्वारा बना लिया गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही हैं तो मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित लेखपाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।इस बावत उपजिलाधिकारी से बात फोन द्वारा बात करने की कोशिश की गयी तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा गया।

# अपराधियों के एनकाउंटर की तरह करोड़ों के भ्रष्टाचारियों के कब काटे जाएंगे हाथ ?

**जैसे अपराध के मामलों में ऑन द स्पॉट पुलिस देती है फैसला इसी तरह भ्रष्टाचार के मामले में ऑन द स्पॉट हो फैसला**

**कौशाम्बी।** अपराध करने वाले लोगों को पुलिस मुठभेड़ में दाहिने पैर में गोली मारने की प्रथा बन चुकी पुलिस आखिर भ्रष्टाचारियों के दाहिने हाथ में कब गोली मारेगी उत्तर प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान हो गई है लेकिन योगीराज में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है सवाल उठता है कि अपराध के मामले में अदालत का फैसला आने के पहले पुलिस ऑन द स्पॉट फैसला कर अपराधियों के पैर में गोली मार देती है तो फिर करोड़ों के भ्रष्टाचार में लिप्त नेता अधिकारी सहित तमाम भ्रष्टाचारियों के हाथ कब काटे जाएंगे भ्रष्टाचारियों के हाथ में ऑन द स्पॉट गोली मारकर कब कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा योगी सरकार इस पर कब निर्देश देगी कि भ्रष्टाचारियों के हाथ काट दिए जाएं आम जनता को राहत मिल जाए यह निश्चित है कि जिस दिन भ्रष्टाचारियों के हाथ काटे जाने का निर्देश दिए जाएंगे उस दिन जनता जश्न मनाएगी और योगी सरकार का जय जयकार करेगी।

# पुलिस लाइन में शोक सभा में मृत पुलिसकर्मी को अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**कौशाम्बी पुलिस परिवार द्वारा मृत पुलिसकर्मी के पार्थिव शरीर पर रीत चढ़ाकर दी गई श्रद्धांजलि, मृतक के परिजनों को ढ़ांढस बंधा हर सम्भव मदद का दिया आश्वाशन।**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पुलिस लाइन कौशाम्बी में मृत पुलिसकर्मी को शोक परेड में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सलामी दी गई । गौरतलब हो कि थाना सैनी में तैनात मुख्य आरक्षी बिरंजन कुशवाह जनपद गाजीपुर के रहने वाले थे एवं 01.10.1984 को आरक्षी के पद पर उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे तथा जनपद प्रतापगढ़ से जनपद कौशाम्बी स्थानांतरण पर आये थे । दिनांक 08/09.2026 की रात्रि को विद्युत करंट की चपेट में आ गए जिससे उनकी दुःखद मृत्यु हो गई । आज पुलिस लाइन कौशाम्बी में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री सत्यनारायण,अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्रीमती अमिता सिंह व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री देवपाल सहित पुलिस परिवार के साथियों द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा मृत पुलिसकर्मी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढ़ाढ़स बंधाते हुए सात्वना दी गई । उन्होने मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद् का आश्वासन दिया तथा अश्वस्त किया की दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है।

# डायनामाइट ब्लास्ट के बाद भड़का ग्रामीणों का गुस्सा

# हाईवे जाम; प्रशासन ने क्रेशर किया सील

**अखंड भारत संदेश**
**शिवपुरी। करेरा** तहसील के सिलारपुर गांव में स्टोन क्रेशर क्षेत्र में किए गए डायनामाइट ब्लास्ट के बाद उड़कर आए पत्थरों से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश फैल गया। मंगलवार शाम हुए विस्फोट के दौरान कई पत्थर आबादी वाले इलाके तक पहुंच गए। घटना से नाराज ग्रामीणों ने कोटा-झांसी फोरलेन हाईवे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। करीब डेढ़ घंटे तक चले हंगामे के बाद प्रशासन ने संबंधित क्रेशर को सील कर दिया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में संचालित खनन और क्रेशर गतिविधियों के दौरान लगातार विस्फोट किए जाते हैं, जिससे लोगों की जान-माल पर खतरा बना रहता है। उनका कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। मंगलवार को जब ब्लास्ट के बाद पत्थर घरों के आसपास तक पहुंच गए तो लोगों का सब्र टूट गया और वे सड़क पर उतर आए।

सूचना मिलते ही करेरा एसडीएम अनुराग निगवाल और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। मामले की गंभीरता को देखते



हुए एसडीएम ने संबंधित स्टोन क्रेशर को तत्काल प्रभाव से सील करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

**फोरलेन पर डेढ़ घंटे तक लगा रहा जाम**

घटना के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण रात करीब आठ बजे कोटा-झांसी फोरलेन हाईवे पर पहुंच गए और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बसों, ट्रकों और अन्य वाहनों में सवार यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि आबादी क्षेत्र के समीप होने वाले विस्फोटों पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**क्रेशर सील होने के बाद तबादले की चर्चा**

घटना के बाद प्रशासन द्वारा क्रेशर सील किए जाने के अगले दिन करेरा एसडीएम अनुराग निगवाल को कलेक्ट्रेट से संबद्ध कर दिया गया। प्रशासनिक आदेश के तहत पोहरी एसडीएम अनुपम शर्मा को करेरा और जेपी गुप्ता को पोहरी का दायित्व सौंपा गया है। इस फेरबदल के बाद क्षेत्र में विभिन्न तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने तबादले को लेकर कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है।

**सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आबादी के निकट संचालित खनन और क्रेशर इकाइयों में सुरक्षा मानकों का पर्याप्त पालन नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी निगरानी नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

**क्या बोले अधिकारी**

तत्कालीन एसडीएम करेरा अनुराग निगवाल ने बताया कि संबंधित क्रेशर चंद्रभान सिंह सिसोदिया के नाम स्वीकृत पट्टे की भूमि पर संचालित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्रेशर को सील कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

## फर्जी जन्मतिथि से चुनाव लड़ने वाले प्रधान को कोर्ट से झटका अग्रिम जमानत खारिज

**अखंड भारत संदेश**
**सुल्तानपुर । बल्दीराय** तहसील क्षेत्र के सिंघनी गांव के ग्राम प्रधान विकास यादव को एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत से बड़ा झटका लगा है।

कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिसके बाद उनकी मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। शिकायतकर्ता की ओर से दर्ज मुकदमे में विकास यादव पर दो गंभीर आरोप हैं। पहला आरोप है कि ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ने के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु पूरी न होने के बावजूद उन्होंने दस्तावेजों में हेरफेर कर फर्जी जन्मतिथि के सहारे चुनाव लड़ा।

## कम वजन के गैस सिलेंडर पर हंगामा, देहात थाने तक पहुंचा मामला

## उपभोक्ता ने 3 किलो गैस कम होने का लगाया आरोप, जांच की मांग तेज

**अखंड भारत संदेश**
**शिवपुरी। शहर** की तारकेश्वरी कॉलोनी में घरेलू गैस सिलेंडर के वजन को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। एक उपभोक्ता ने सिलेंडर में करीब तीन किलोग्राम गैस कम होने का आरोप लगाया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध जताया और मामला देहात थाने तक पहुंच गया। घटना के दौरान गैस वितरण वाहन के थाने से निकल जाने को लेकर भी कुछ समय तक हंगामे की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, तारकेश्वरी कॉलोनी निवासी मोहित सोनी के घर ऋषि गैस एजेसी का इंडेन गैस का सिलेंडर पहुंचा था। उपभोक्ता द्वारा सिलेंडर का वजन कराने पर उसमें निर्धारित मात्रा से करीब तीन किलोग्राम गैस कम होने का दावा किया गया। इस पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए वाहन में मौजूद अन्य सिलेंडरों की भी जांच कराने की मांग की।

सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद विजय शर्मा भी मौके पर पहुंचे। इसी दौरान गैस वितरण वाहन वहां से निकलने लगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वाहन ने पार्षद की मोटरसाइकिल को टक्कर भी मारी। इसके बाद पार्षद और अन्य लोगों ने वाहन का पीछा कर उसे नीलगर चौराहे के समीप रोक



लिया और देहात थाने ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थाने पहुंचने के बाद गैस वितरण वाहन एक बार फिर वहां से निकल गया, जिससे विवाद और बढ़ गया। बाद में पुलिस ने संबंधित ऋषि गैस एजेंसी से संपर्क कर वाहन को दोबारा थाने बुलवाया। इस दौरान थाने परिसर में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिलेंडर के वजन में गड़बड़ी के



साथ-साथ तौल के लिए उपयोग किए जा रहे कांटे की सटीकता पर भी सवाल खड़े हुए हैं। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं गैस वितरण कर्मचारी ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि संबंधित सिलेंडर को लेकर पहले भी शिकायत प्राप्त हुई थी। उसके अनुसार, शिकायत वाला सिलेंडर बदलकर वापस लाया गया था, लेकिन गलती से वही सिलेंडर दोबारा उपभोक्ता के यहां पहुंच गया, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के दौर में उपभोक्ताओं को पूरा भुगतान करने के बावजूद कम गैस मिलने की शिकायतें गंभीर विषय हैं। उन्होंने खाद्य विभाग और जिला प्रशासन से मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

## भीषण गर्मी में 'पावर हाउस' हुआ फुस्स, जनता का फूटा गुस्सा, आंदोलन की दी खुली चेतावनी!

**अखंड भारत संदेश**
**सुल्तानपुर ।** एक तरफ आसमान से बरसती आग और दूसरी तरफ बिजली विभाग का 'अंगूठा दिखाना'! असरोगा पावर हाउस की बदहाली ने इस भीषण गर्मी में स्थानीय जनता का जीना मुहाल कर दिया है। कहने को तो यह पावर हाउस है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहाँ से बिजली कम और उपभोक्ताओं का 'बीपी' ज्यादा सप्लाई हो रहा है। लगातार हो रही अघोषित कटौती, रेंगते हुए लो-वोल्टेज और मिनट-मिनट पर हो रही रोस्टिंग ने पूरे क्षेत्र को नरक बना दिया है। उमस और गर्मी से उबले ग्रामीणों के सब्र का बांध अब टूट चुका है और विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश भड़क उठा है। दिन में चैन न रात को नींद 'बिजली' बनी मिस्टर इंडिया!

## कांग्रेस पार्षद की कार रोककर हमला करने का आरोप, तोड़फोड़ के साथ नकदी ले जाने की शिकायत



**अखंड भारत संदेश**
**शिवपुरी। शहर** के फिजिकल थाना क्षेत्र में बुधवार को कांग्रेस पार्षद एमडी गुर्जर से जुड़ा विवाद सामने आया है। पार्षद ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनकी कार रोककर हमला किया, वाहन में तोड़फोड़ की और कार में रखी नकदी भी अपने साथ ले गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक-36 के पार्षद एमडी गुर्जर बुधवार को ग्वालियर बायपास क्षेत्र से कार से लौट रहे थे। इसी दौरान भारतीय विद्यालय के सामने कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी को रोक लिया। पार्षद का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते शेरा गुर्जर, अन्नू उर्फ अन्नू बनिया और उनके साथियों ने घटना को अंजाम दिया।

पार्षद के अनुसार आरोपियों ने कार पर पथराव किया, जिससे वाहन के शीशे और अन्य हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान कार में रखी करीब एक लाख रुपये की नकदी भी गायब हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पहले भी जताई थी हमले की आशंका

एमडी गुर्जर का कहना है कि संबंधित लोगों के साथ उनका लंबे समय से विवाद चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि संभावित हमले की आशंका को लेकर पहले भी पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद घटना हो गई।

पुलिस ने दर्ज किया मामला

फिजिकल थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि घटना में पार्षद के साथ मौजूद सोनेराम गुर्जर के साथ मारपीट हुई है। पुलिस ने मारपीट का प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मुहम्मदाबाद में जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**
**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद नगर पालिका परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रईस अंसारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर संतोष यादव ने कविता के माध्यम से लोगों को पेड़-पौधों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत वार्ड नंबर-2 स्थित स्टेट बैंक के सामने वाली गली में घर-घर जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान नागरिकों



को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के श्याम बाबू सैनी, लालू यादव, जंग बहादुर यादव, प्रमोद राय, सोहन प्रजापति के अलावा सफाई कर्मियों में आलमगीर सोनू सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। ब्रांड एंबेसडर संतोष यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक जिम्मेदारी है।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर कांग्रेस का जिला भर में प्रदर्शन

**शिवपुरी सहित सभी ब्लॉकों में उपवास-धरना, कांग्रेस ने फैसले को बताया लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ**

**अखंड भारत संदेश**
**शिवपुरी। राज्यसभा** चुनाव के लिए कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में बुधवार को शिवपुरी जिले में कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ब्लॉकों में धरना-उपवास कर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए फैसले को लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत बताया। जिला मुख्यालय पर गुना बायपास स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित




अग्रवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय उपवास और धरना आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नामांकन निरस्त किए जाने का विरोध दर्ज कराया। गौरतलब है कि मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारी ने कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त कर दिया था। भाजपा की ओर से दर्ज कराई गई आपत्ति में आरोप लगाया गया था कि नटराजन ने हैदराबाद की एक अदालत में लंबित मामले की जानकारी नामांकन पत्र में उल्लेखित नहीं की थी। आपत्ति की जांच के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने नामांकन निरस्त करने का निर्णय लिया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि केवल एक नोटिस के आधार पर राज्यसभा प्रत्याशी का नामांकन खारिज किया ।

## मुहम्मदाबाद में विकास कार्यों की समीक्षा

### बीडीओ ने सचिवों को दिए पारदर्शिता और जनहित के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**
**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद विकास खंड कार्यालय के सभागार में नव नियुक्त खंड विकास अधिकारी अनिल राय की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति का आकलन करते हुए उनके प्रभावी संचालन पर चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण स्वच्छता अभियान, शौचालय निर्माण तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श



किया गया। खंड विकास अधिकारी ने सचिवों से गांवों में संचालित परियोजनाओं की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर बल दिया।

अनिल राय ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि गांव-गांव तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को उनसे जोड़ा जाए।

बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने, आवास योजनाओं के लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने तथा विकास कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए टीम भावना, जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कार्य करना आवश्यक है।

इस अवसर पर एडीओ आईएसबी संजय सिंह, सचिव राम निवास राय, अमित कुमार, आलोक कुमार, छविनाथ सिंह, ममता तिवारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने ग्रामीण विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

## भीषण गर्मी में दम तोड़ते अमृत सरोवर पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे बेजुबान



**अखंड भारत संदेश**
**सुलतानपुर । भीषण** गर्मी और आसमान से बरसती आग ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। तापमान लगातार 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। ऐसे में जहां लोग किसी तरह पानी का इंतजाम कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं, वहीं बेजुबान पशु-पक्षियों के सामने जीवन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से बनाए गए अमृत सरोवर आज स्वयं पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।बल्दीराय विकासखंड की ग्राम पंचायत दुगार्पुर में बने अमृत सरोवर की स्थिति भी चिंताजनक है। कभी जल से भरे रहने वाले इस सरोवर में आज सूखी और फटी हुई मिट्टी दिखाई दे रही है। सरोवर के सूख जाने से आवारा पशु, मवेशी और पक्षी पानी की तलाश में भटकने को मजबूर हैं।

सूख गए सरोवर, भटक रहे पशु-पक्षी सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर अमृत सरोवरों का निर्माण कराया था, ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी राहत मिल सके। लेकिन रखरखाव के अभाव और समय पर जलापूर्ति न होने के कारण अधिकांश सरोवर सूख चुके हैं।

ग्रामीणों के अनुसार जिन तालाबों में वर्षभर पानी रहने की उम्मीद थी, वहां अब केवल धूल और सूखी घास नजर आती है। कई स्थानों पर बचा हुआ थोड़ा-बहुत पानी भी कीचड़ में तब्दील हो चुका है, जिससे पशुओं को पानी पीने में कठिनाई हो रही है।प्यास और लू से बेहाल पक्षी

भीषण गर्मी का असर पक्षियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। गांवों में परंपरागत जल स्त्रोत सूख जाने से कौवे, गौरैया, कबूतर समेत अन्य पक्षी प्यास से तड़प रहे हैं।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है ।

## खाद की किल्लत और ई-टोकन व्यवस्था के विरोध में किसानों का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**
**शिवपुरी। खरीफ** सीजन से पहले खाद की उपलब्धता, ई-टोकन प्रणाली की खामियों और लंबित राजस्व मामलों को लेकर किसानों का आक्रोश बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में देखने को मिला। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में जिले भर से पहुंचे किसानों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।

किसानों का कहना है कि खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो गई है। ई-टोकन




प्रणाली का सर्वर धीमा होने के कारण किसानों को समय पर टोकन नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे खेती की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। कई सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडार नहीं है, जबकि कुछ नगद खाद वितरण केंद्र लंबे समय से बंद पड़े हैं। किसानों ने सभी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और बंद केंद्रों को तत्काल शुरू करने की मांग की।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश सिंह धाकड़ ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बन पाई है। इसके चलते किसान ई-टोकन बुकिंग और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं। उन्होंने प्रशासन से गांव-गांव विशेष अभियान चलाकर फार्मर आईडी बनाने और किसानों की तकनीकी समस्याओं के समाधान की मांग की।

## कोलारस में 376 बोरी संदिग्ध खाद बरामद, ट्रक चालक फरार

**अखंड भारत संदेश**
**शिवपुरी। जिले** के कोलारस कस्बे में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक से 376 बोरी खाद बरामद की गई है। कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया, जबकि हेल्पर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। बरामद खाद की गुणवत्ता और वैधता की जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिलने पर कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव और तहसीलदार प्रदीप भार्गव प्रशासनिक अमले के साथ मां कैला देवी कोल्ड स्टोर परिसर पहुंचे। अधिकारियों की टीम को देखते ही ट्रक चालक वाहन



छोड़कर भाग निकला, जबकि हेल्पर को पकड़ लिया गया। पूछताछ में हेल्पर ने बताया कि खाद से भरा ट्रक झाबुआ जिले के मेघनगर क्षेत्र से लाया गया था। जांच के दौरान ट्रक के लगेज एरिया से कुल 376 बोरियां खाद बरामद हुईं। अधिकारियों का अनुमान है कि ट्रक का केवल आधा हिस्सा ही खाद से भरा था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि कुछ मात्रा में खाद पहले ही कहीं उतारी जा चुकी थी। सूचना मिलने पर खाद विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद ट्रक को कोलारस थाने ले जाकर अग्रिम कार्रवाई शुरू की गई।

# विश्व नेत्रदान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, चित्रकूट में 2007 से जगी नेत्रदान की अलख

**चित्रकूटः जानकीकुंड** स्थित श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में बुधवार को विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर लोगों को नेत्रदान का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने की अपील की गई।

सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन ने बताया कि धर्मनगरी चित्रकूट में वर्ष 2007 में पहला आई बैंक स्थापित कर पद्मश्री स्व. डॉ. बीके जैन ने नेत्रदान की अलख जगाई थी। उन्होंने कहा कि स्व. डॉ. जैन ने ‘नेत्रदान को बनाएं, अपने परिवार की परंपरा’ का संदेश दिया था और इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2009 में अपने ही परिवार से पहला नेत्रदान कराया गया। यह नेत्रदान स्व. उज्जम बेन वोरा का था। इसके बाद क्षेत्र में लोगों के बीच नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ी और यह अभियान आगे बढ़ता गया। बताया कि स्व. डॉ. बीके जैन ने स्वयं भी मृत्यु के बाद अपने




नेत्रदान का संकल्प पूरा किया और दो लोगों के जीवन में रोशनी पहुंचाई। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 10 हजार लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया है, जबकि करीब 9 हजार लोगों का सफल पुतली प्रत्यारोपण किया जा चुका है।

कॉर्निया विभाग के प्रमुख नेत्र विशेषज्ञ डॉ. गौतम सिंह परमार ने कहा कि मृत्यु के बाद यदि आंखें सुरक्षित निकालकर जरूरतमंदों में प्रत्यारोपित की जाएं तो कॉर्निया जनित अंधत्व से पीड़ित लोगों को नई रोशनी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि समाज को इस दिशा में जागरूक होने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक नेत्रदान का संदेश पहुंच सके। बताया कि नेत्रदान किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का व्यक्ति कर सकता है।

इसके लिए आयु की कोई बाध्यता नहीं है। नेत्रदान केवल मरणोपरांत किया जाता है और मृत्यु के छह घंटे के भीतर यह प्रक्रिया संभव होती है। इस प्रक्रिया में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लगता है और केवल आंख की पुतली यानी कॉर्निया लिया जाता है, जिससे चेहरे की संरचना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। कार्यक्रम में चिकित्सालय परिवार ने सभी दिवंगत नेत्रदाताओं को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 30 जून तक पूरी होगी पीएम आवास ग्रामीण सर्वे-2024 की पीडब्ल्यूएल प्रक्रिया

**चित्रकूटः प्रधानमंत्री** आवास योजना (ग्रामीण) सर्वे-2024 की स्थायी प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल सूची) तैयार करने को लेकर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए सम्बन्धितों को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से आगामी 30 जून तक कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने सम्बन्धित बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को बताया कि ग्राम पंचायतों की पीडब्ल्यूएल सूची तैयार करने से पहले विकास खंड स्तर पर डिलीशन मॉड्यूल की कार्रवाई पूरी कर प्रस्ताव जिला लॉगिन पर अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। जिला स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद ग्राम पंचायतवार और लाभार्थीवार सूची डाउनलोड कर प्रिंट की जा सकेगी।

जिसके आधार पर ग्राम सभा की बैठक में फैक्ट चेक कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि ग्राम सभा की कार्यवाही के प्रत्येक भाग को ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर सहित साफ-सुथरी पीडीएफ के रूप में तथा बैठक की फोटो के साथ अपलोड किया जाएगा। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक लाभार्थी की तथ्य जांच के लिए सचिवों को दिए जा रहे सिस्टम जनरेटेड प्रिंट में यदि कोई संशोधन हो तो उसे उसी पृष्ठ पर दर्ज करें। साथ ही लाभार्थी से सम्बन्धित सभी अन्य बिन्दुओं जैसे पूर्व में मिले आवास योजना का लाभ, उसके वारिस, पलायन, मृत्यु आदि की भी जांच करें। कहा कि ग्राम पंचायतों में खुली बैठकों के आयोजन के लिए विकास खंड स्तर पर ग्राम पंचायत सचिवों तथा सहायक विकास अधिकारियों की बैठक कर एसओपी की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराए। साथ ही बैठक की कार्यवाही का कार्यवृत्त भी भेजा जाए। निर्देश दिए कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूरी करते हुए आगामी 30 जून तक कार्रवाई संपन्न कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 20 जून तक आवेदन

**चित्रकूटः विश्व** दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी आगामी तीन दिसंबर 2026 को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि आगामी 20 जून निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन श्रेणियों में दक्ष दिव्यांग कर्मचारी या स्वरोजगार से जुड़े दिव्यांगजन, दिव्यांगजन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क, सर्वश्रेष्ठ बालक-बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण के लिए कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी आदि शामिल हैं।

बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय सोनेपुर में 20 जून शाम चार बजे तक जमा कर सकते हैं।

# मंडलीय पेंशन अदालत एक को, 15 जून तक दें प्रत्यावेदन

**चित्रकूटः चित्रकूटधाम** मंडल के पेंशनरों के लंबित सेवानिवृत्तिक लाभों से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण के लिए आगामी एक जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से आयुक्त कार्यालय बांदा में मण्डलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में मंडलीय पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी।

वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि पेंशन अदालत में मंडल के चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर और महोबा जनपदों के पेंशनरों के लंबित प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। जिसमें जनपद चित्रकूट के समस्त राजकीय कार्यालयों तथा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों, शिक्षकों एवं उनके आश्रितों के लंबित सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित वाद शामिल होंगे। बताया कि पेंशन, उपादान, पेंशन पुनरीक्षण आदि से संबंधित वाद पत्र या प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मंडल बांदा कार्यालय में 15 जून सायं चार बजे तक पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा किए जा सकते हैं।

बताया कि इसके बाद कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रत्यावेदन की एक सेवानिवृत्त होने वाले कार्यालय में देकर उसकी प्राप्ति रसीद प्राप्त कर लें। बताया कि न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों पर मंडलीय पेंशन अदालत में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## टूटे पेड़ को हटवाने की मांग

**चित्रकूटः कर्वी** तहसील के गढ़ीवा अहिरनपुरवा निवासी प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके मकान के बगल में स्थित प्राथमिक विद्यालय में शीशम का पेड़ लगा था। यह पेड़ बीते मंगलवार की शाम तेज आंधी आने के कारण गिर गया। उन्होंने बताया कि विशाल पेड़ उनके घर के ऊपर गिरा है, जिससे घर की दीवालें क्षतिग्रस्त हो गई है। कहा कि पेड़ को तत्काल उनके घर से हटवाया जाना चाहिए। ऐसा न होने पर कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## गर्मी से बेहोश बुजुर्ग की मदद

**चित्रकूटः नगर** क्षेत्र में ड्यूटि पर तैनात एक ट्रैफिक सिपाही ने भीषण गर्मी के चलते सड़क पर गिर पड़े बुजुर्ग को तत्काल राहत पहुंचाई।

नगर क्षेत्र के चकरेही चैराहा क्षेत्र में ड्यूटि पर तैनात यातायात आरक्षी कमलेश विश्वकर्मा ने बताया बुधवार को थाना राजापुर के भंभौर गांव निवासी बुजुर्ग रामहित तेज गर्मी के कारण अचानक बेहोश गिरकर सड़क पर गिर पड़े। जिस पर यातायात आरक्षी ने उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छाया में बैठाया और ओआरएस का घोल पिलाया। कुछ देर बाद बुजुर्ग की हालत में सुधार हुआ। इस सराहनीय कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने यातायात पुलिस की प्रशंसा की।

## नगर पालिका परिषद कर्वी में नक्शा प्रोजेक्ट का शुभारंभ

**चित्रकूटः नगर** पालिका परिषद कर्वी में बुधवार को नक्शा प्रोजेक्ट के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने इसे नगर विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस परियोजना के माध्यम से शहरी विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने और तकनीकी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) अरुण कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नक्शा प्रोजेक्ट के लागू होने से नगर क्षेत्र में विकास कार्यों की निगरानी, योजना निर्माण और क्रियान्वयन में सुविधा मिलेगी। साथ ही कार्यों में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में बताया गया कि इस परियोजना के तहत देश के 52 जिलों का चयन किया गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद को भी शामिल किया गया है। इसे जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, अशरफ बाबू, सफाई निरीक्षक कमल शुक्ला, संतोष कुमार, प्रवीण बाबू, अंकित जायसवाल, गुफरान खान आदि मौजूद रहे।

## 15 जून तक बढ़ी खाद्यान्न वितरण की तिथि

**चित्रकूटः राष्ट्रीय** खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को जून 2026 माह का आवंटित खाद्यान्न वितरण की अवधि बढ़ा दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि शासन के निदेशार्नुसार खाद्यान्न वितरण की तिथि 15 जून तक विस्तारित कर दी गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि विस्तारित तिथि तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण जारी रहेगा। इसके साथ ही मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की सुविधा 10 और 15 जून को उपलब्ध रहेगी।

यह भी बताया कि 15 जून तक कार्डधारक पोर्टेबिलिटी के माध्यम से किसी भी उचित मूल्य की दुकान से आवश्यक खाद्य सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने समस्त कार्डधारकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि तक अपना खाद्यान्न अवश्य प्राप्त कर लें, जिससे किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े।

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोक कल्याण मेले का आयोजन, स्ट्रीट वेंडर्स को मिली जानकारी

**चित्रकूट। सूडा** और शासन के निर्देश पर बुधवार को नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम के कार्यालय में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/परियोजना निदेशक डूडा अरुण कुमार ने की।

मेले में स्ट्रीट वेंडर्स को योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उन लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त कर अपने कार्य को आगे बढ़ाया है।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से पात्र पथ विक्रेताओं को 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र वेंडर्स से योजना का लाभ लेने और अपना पंजीकरण कराने की अपील की।

# 24 घंटे में चोरी का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूटः बरगढ़** थाना पुलिस ने खेत से सोलर पैनल, बैटरी और अन्य उपकरण चोरी होने के मामले का मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुरका स्थित एक खेत से सिंचाई में प्रयुक्त चार सोलर पैनल, दो बैटरी, एक इन्वर्टर और एक झटका मशीन चोरी होने की शिकायत बीते मंगलवार को दर्ज कराई गई थी। प्रयागराज के यमुनानगर के सडवा कला निवासी शिकायतकर्ता रामबरन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि खेती के लिए खरीदी गई




जमीन पर लगाए गए उपकरण बीती 12 मई की रात चोरी हो गए थे। जिसके बाद नामजद तहरीर के आधार पर बरगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

इस मामले का खुलासा करते हुए बरगढ़ थाने के उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह व उनकी टीम उपनिरीक्षक चन्द्रमौल शर्मा, आरक्षी विनोद कुमार यादव, रिक्रूट आरक्षी अस्मित यदुवंशी व शिवम यादव ने मामला दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर बुधवार को फरहेट फैक्ट्री के पास से चोरी के आरोपी थाना बरगढ़ के मजरा मुरका निवासी रामबाबू पटेल और शैलेंद्र सिंह उर्फ माझिल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया पूरा सामान भी बरामद कर लिया है।

# पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए मुक्तिधाम परिसर में बोरिंग कार्य का हुआ शुभारंभ

**मऊ, चित्रकूटः नगर** पंचायत क्षेत्र में यमुना नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम परिसर (अंत्येष्टि स्थल) में पेयजल सुविधा दुरुस्त करने के दृष्टिगत महत्वपूर्ण पहल करते हुए बोरिंग के कार्य का शुभारंभ किया गया। बोरिंग कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र के स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं और राहगीरों को काफी राहत मिलेगी।

मऊ उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने बुधवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बोरिंग कार्य का शुभारंभ कराया। लंबे समय से यमुना तट पर आने-जाने वाले लोगों और मुक्तिधाम पहुंचने वाले नागरिकों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। बोरिंग स्थापित होने के बाद अब यहां स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जिसके तहत नई सड़कों का निर्माण, पेयजल सुविधाओं का विस्तार, प्रकाश व्यवस्था को मजबूत करना और सार्वजनिक स्थलों का विकास प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुक्तिधाम परिसर में निर्माण कार्यों के साथ पेयजल की व्यवस्था होने से यहां आने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

यमुना तट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। ऐसे में बोरिंग की सुविधा शुरू होने से लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। क्षेत्रवासियों ने इस पहल को जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया है।

# क्षतिग्रस्त ऑडिटोरियम की जांच को तीन सदस्यीय समिति गठित

**चित्रकूटः बीते** मंगलवार को तेज आंधी में क्षतिग्रस्त हुए ऑडिटोरियम बुधवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने निरीक्षण किया। यहां डीएम ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर प्रकरण की विस्तृत जांच करने तथा एक सप्ताह के भीतर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त ऑडिटोरियम के मरम्मत




कार्य 20 दिनों के भीतर पूरा कराए। कहा कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर परियोजना प्रबंधक और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कमचार्री मौजूद रहे।

# अभिलेखागार में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश, नकल आवेदन उसी दिन दर्ज होंगे

**चित्रकूटः जिलाधिकारी** पुलकित गर्ग ने जनपद के अभिलेखागार का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अभिलेखागार की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं जनहितकारी बनाने के लिए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नकल आवेदन प्राप्त होते ही उसी दिन संबंधित रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाएं। उन्होंने कुर्रा की नकल जारी करने के लिए तत्काल कलर फोटोकॉपी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। अभिलेखों के निरीक्षण के लिए आने वाले लोगों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने



और सीटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही अभिलेखागार परिसर की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। उन्होंने 1356 से 1359 फसली की खतौनी की नकल जारी करने की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने पर जोर दिया, ताकि वादकारियों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर सभी अग्निशमन यंत्रों को तत्काल रिफिल कराने तथा खतौनियों को बस्तों में रोस्टरवार व्यवस्थित रखने के भी निर्देश दिए। कहा कि अभिलेखागार में आने वाले प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं जनसुविधा के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चंद्रशेखर, रिकॉर्ड रूम कीपर नर सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अटल नगर में रोड चैड़ीकरण के लिए चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**चित्रकूटः मऊ** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 स्थित अटल नगर में बुधवार को उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने और सड़क चैड़ीकरण का अभियान चलाया गया। जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

एसडीएम ने बताया कि वार्ड संख्या 7 के सरार्फा-सुनार गली क्षेत्र से वार्ड संख्या 12 तक जाने वाली सड़क संकरी होने के कारण लोगों को पैदल चलने, बाइक निकालने और अन्य वाहनों के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों की मांग पर प्रशासन ने सड़क चैड़ीकरण की कार्रवाई शुरू की है।उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व संबंधित लोगों को लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना दी गई थी और स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर भी दिया गया था। इसके बाद प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर कार्रवाई की गई। बताया कि सड़क चैड़ीकरण के साथ-साथ नाली निर्माण और क्षेत्र के सुंदरीकरण का कार्य भी कराया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या का समाधान होगा और आवागमन बेहतर बनेगा। सड़क के चैड़ा होने के बाद फोर व्हीलर वाहन भी आसानी से गुजर सकेंगे। अभियान के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, नायब तहसीलदार पारुल सिंह, नगर पंचायत की टीम तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# संघर्ष पर भारत की दो टूक- कूटनीति ही एकमात्र रास्ता

**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम** एशिया और खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बाद, भारत ने सोमवार को संघर्ष को तुरंत कम करने की अपील दोहराई और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक समाधान को एकमात्र रास्ता बताया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 100 दिनों से अधिक समय से चल रहे इस संघर्ष के कारण भारी जन पीड़ा हुई है और वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। बयान में कहा गया कि पश्चिम एशिया में हुए नए हमलों पर भारत को गहरा खेद है। ये घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अत्यंत चिंता का विषय हैं। यह संघर्ष 100 दिनों से अधिक समय से चल रहा है और इससे भारी जन पीड़ा हुई है। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है।



बयान में इस बात पर जोर दिया गया, ह्लहम सभी पक्षों से तत्काल तनाव कम करने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कूटनीतिक समाधान के लिए चल रही बातचीत को पूरा करने का आह्वान करते हैं ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता लौट सके। नई दिल्ली की शांति की बहाली की अपील पिछले 24 घंटों में हुई भीषण सैन्य झड़पों के बीच आई है, जिनमें कई शहरों में गोलीबारी, रणनीतिक ठिकानों पर हवाई हमले और पूरे क्षेत्र में भारी गोलाबारी शामिल हैं। पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ाते हुए, इजराइल और ईरान ने सोमवार को, अपने युद्ध के 100वें दिन, एक-दूसरे पर गोलीबारी की, जिससे पहले से ही नाजुक युद्धविराम गंभीर खतरे में पड़ गया और क्षेत्रीय युद्ध के फिर से भड़कने का खतरा पैदा हो गया।

यरूशलेम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्थिति को और जटिल बनाते हुए, ईरान समर्थित हौथियों ने घोषणा की कि वे लाल सागर, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, पर इजराइली जहाजों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। ईरान के एक पेट्रोकेमिकल परिसर पर हमले और ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा दो इजरायली ठिकानों को निशाना बनाए जाने सहित सैन्य कार्रवाई के नवीनतम दौर की शुरूआत राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा इजरायल से तेहरान की मिसाइलों का जवाबी कार्रवाई से परहेज करने के आह्वान के कुछ घंटों बाद हुई। रविवार को इजरायल द्वारा बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हवाई हमले शुरू करने के बाद सीमा पार युद्धविराम की बुनियादी संरचना में आई दरार और बढ़ गई।

# पश्चिम एशिया संकटः इजराइल-ईरान में फंसे भारतीयों के लिए विदेश मंत्रालय की ओर से ट्रैवल एडवाइजरी जारी की गई

**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम** एशिया में सुरक्षा स्थिति में तेजी से बिगड़ती स्थिति के बीच, इजराइल स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को देश में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एक सलाह जारी की, जिसमें उनसे क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए "अत्यंत सावधानी" बरतने और सतर्क रहने का आग्रह किया गया। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय नागरिकों को इजराइली अधिकारियों और गृह मोर्चा कमान द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। दूतावास ने कहा कि क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, इजराइल में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। सलाह में आगे कहा गया




है, भारतीय नागरिकों को इजराइली अधिकारियों और गृह मोर्चा कमान द्वारा जारी सुरक्षा दिशा-निर्देशों और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है।

दूतावास ने भारतीय नागरिकों से आधिकारिक माध्यमों से जानकारी प्राप्त करते रहने का आग्रह किया और उन्हें गृह मोर्चा कमान की वेबसाइट के माध्यम से अद्यतन सुरक्षा निर्देश प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसने भारतीय नागरिकों से निर्दिष्ट आश्रय स्थलों के पास रहने और अपने घरों और कार्यस्थलों के आसपास निकटतम सुरक्षित स्थानों की पहचान करने का भी आग्रह किया। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक उच्च प्राथमिकता वाली यात्रा सलाह जारी की, जिसमें सभी भारतीय नागरिकों से ईरान की यात्रा से पूरी तरह बचने का आग्रह किया गया और देश में मौजूद लोगों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ गया भारत का परमाणु जखीरा,

**पाकिस्तान**

**स्टॉकहोम** इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) ने सोमवार को कहा कि भारत ने पाकिस्तान से अधिक परमाणु शस्त्रागार का विस्तार किया है और जनवरी 2026 तक उसके पास लगभग 190 परमाणु हथियार होंगे। वहीं, पाकिस्तान के पास लगभग 170 परमाणु हथियार मौजूद हैं। एसआईपीआरआई ने अपनी 2026 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि भारत के परमाणु भंडार में 10 की वृद्धि हुई है, क्योंकि 2025 में यह 180 था। इनमें से 12 अभी भी तैनात हैं। इसके विपरीत, पाकिस्तान का भंडार 2025 में 170 था और उसने इसमें कोई वृद्धि नहीं की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अपने परमाणु शस्त्रागार में मामूली विस्तार किया है और नए प्रकार के परमाणु वितरण प्रणालियों का विकास जारी रखा है। इसमें भारत के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया है, जिसके बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि यह चीन भर में लक्ष्यों को भेदने में सक्षम लंबी दूरी के हथियारों के विकास" पर केंद्रित है।

हालांकि, एसआईपीआरआई की 2026 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत पाकिस्तान के साथ अपनी "दीर्घकालिक प्रतिद्वंद्विता" पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखे हुए है। रिपोर्ट में पाकिस्तान के बारे में कहा गया है कि इस्लामाबाद ने 2025 में "नई वितरण प्रणालियाँ विकसित कीं और विखंडनीय सामग्री का संचय किया, जिससे संकेत मिलता है कि वह आने वाले दशक में अपने शस्त्रागार का विस्तार करने की



संभावना रखता है। एसआईपीआरआई की रिपोर्ट में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया है और कहा गया है कि भारत ने पाकिस्तान के उन सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जिनमें परमाणु हथियार होने की संभावना थी। रिपोर्ट में कहा गया है, मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संक्षिप्त सशस्त्र संघर्ष में भारत ने पाकिस्तान के उन हवाई और मिसाइल ठिकानों पर हमला किया जिनमें परमाणु संबंधी भूमिका होने की संभावना थी, लेकिन दोनों पक्षों ने तनाव बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाए। चीन और रूस ने अपने परमाणु शस्त्रागार का विस्तार किया; अमेरिका का भंडार अपरिवर्तित रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन का परमाणु शस्त्रागार 2025 में 600 से बढ़कर 2026 में 620 हो गया है। इनमें से 34 तैनात किए जा चुके हैं। इसी तरह, रूस का शस्त्रागार 2025 में 4,309 से बढ़कर 2026 में 4,400 हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने 2026 में 1,796 परमाणु हथियार तैनात किए हैं। दूसरी ओर, संयुक्त राज्य अमेरिका (अमेरिका) का परमाणु शस्त्रागार 3,700 पर अपरिवर्तित रहा है।

# भारतीय दूतावास का बड़ा अलर्ट, तुरंत ईरान छोड़ें



**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम** एशिया में सुरक्षा स्थिति में तीव्र और तेजी से हो रही गिरावट के बीच, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक नई, उच्च प्राथमिकता वाली यात्रा सलाह जारी की है, जिसमें सभी भारतीय नागरिकों से ईरान की यात्रा से पूरी तरह बचने का आग्रह किया गया है और देश में मौजूद लोगों को तत्काल देश छोड़ने की सलाह दी गई है। यह आपातकालीन सूचना पिछले 24 घंटों में हुई प्रमुख सैन्य झड़पों के बाद आई है, जिनमें कई शहरों में सैन्य झड़पें, रणनीतिक ठिकानों पर हवाई हमले और पूरे क्षेत्र में भारी गोलाबारी शामिल हैं। क्षेत्र में हुए नवीनतम घटनाक्रमों को देखते हुए, दूतावास सभी भारतीय नागरिकों को ईरान की यात्रा से बचने की अपनी पूर्व सलाह को दोहराता है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को कहा कि ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी उपलब्ध परिवहन साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी जाती है। पश्चिम एशिया में तनाव में तीव्र वृद्धि का संकेत देते हुए, इजराइल और ईरान ने सोमवार को, युद्ध के 100वें दिन, एक-दूसरे पर गोलीबारी की, जिससे पहले से ही नाजुक युद्धविराम गंभीर खतरे में पड़ गया और क्षेत्रीय युद्ध के फिर से भड़कने का खतरा पैदा हो गया। यरूशलेम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा व्यवस्था को और जटिल बनाते हुए, ईरान समर्थित हौथियों ने घोषणा की कि वे लाल सागर, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, पर इजराइली जहाजों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। ईरान के एक पेट्रोकेमिकल परिसर पर हमले और ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा दो इजराइली ठिकानों को निशाना बनाने सहित सैन्य कार्रवाई के इस नवीनतम दौर की घटनाएँ राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा इजराइल से तेहरान की मिसाइलों का जवाबी कार्रवाई न करने का आह्वान करने के कुछ घंटों बाद हुईं।

# JDA ने बताया अवैध अतिक्रमण, कमेटी का दावा- 1981 से है मस्जिद



प्रशासन ने अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत एक मस्जिद को ध्वस्त कर दिया। विध्वंस से पहले, पुलिस ने पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी।

सबसे पहले दिन में, जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने जयपुर के मालवीय नगर और जगतपुरा को जोड़ने वाली सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत नूरानी मस्जिद को ध्वस्त करने से पहले उसे सील कर दिया। अधिकारियों ने मस्जिद को अवैध घोषित करते हुए कहा था कि यह सड़क की सीमा के भीतर आती है और इसे अभियान के तहत हटाया गया है। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन ने इस बात से इनकार किया कि संरचना का निर्माण अवैध रूप से किया गया था, और दावा किया कि भूमि को वन आवास सोसायटी से पट्टे पर खरीदा गया था और मस्जिद का निर्माण 1981 में किया गया था।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कदम के तौर पर जिला प्रशासन ने जयपुर के कई इलाकों में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी थीं। सांप्रदायिक तनाव की आशंकाओं के मद्देनजर जयपुर पुलिस ने मुस्लिम बहुल इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया था। नून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर भर में लगभग 50 पुलिस अधिकारियों और 3,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। ई दिनों से सड़क विस्तार का काम चल रहा था, लेकिन मस्जिद को छुआ तक नहीं गया था, जिसके चलते सोशल मीडिया पर भाजपा की आलोचना हो रही थी। मस्जिद को सील किए जाने और विध्वंस की कार्यवाही शुरू होने की खबरों ने तब से लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

# 7 साल बाद उत्तर कोरिया पहुंचे, दुनिया में बढ़ी हलचल... क्या बदलेगा एशिया का पावर गेम?

**उत्तर कोरिया**

**चीन** के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सोमवार को उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन से बातचीत करने के लिए प्योंगयांग पहुंचे। चीनी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि दोनों नेता पड़ोसी देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता की पुष्टि करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने का संकल्प लेंगे। शी जिनपिंग का यह दौरा प्योंगयांग और मॉस्को के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों के बीच हो रहा है। उत्तर कोरिया और रूस ने



2024 में पुतिन की प्योंगयांग यात्रा के दौरान एक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। चीनी राष्ट्रपति का उत्तर कोरिया दौरा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बीजिंग यात्रा और उसके बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चीनी राजधानी की यात्रा के बाद हो रहा है। यह ऐसे समय में भी हो रहा है जब चीन जापान पर "नए सैन्यवाद" की नीति अपनाने का आरोप लगा रहा है, जिसे टोक्यो ने खारिज कर दिया है।

शिन्हुआ के अनुसार, उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन, जो कोरिया वर्कर्स पार्टी के महासचिव और डीपीआरके के राज्य मामलों के अध्यक्ष हैं,

और उनकी पत्नी री सोल जू ने आज हवाई अड्डे पर शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन का स्वागत किया।

# जंग में बेकाबू हुआ ईरान, इजरायल पर कर दिया भयंकर हमला

**बेरुत**

**बेरुत** और लेबनान पर हुए हमलों के जवाब में ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए अब तक के सबसे बड़े मिसाइल हमलों में से एक के बाद सोमवार को मध्य पूर्व में स्थिति एक बार फिर तनावपूर्ण हो गई। इन हमलों से मध्य पूर्व में 28 फरवरी को शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के मध्यस्थता प्रयासों में और अधिक जटिलता आने की आशंका है। इस संघर्ष में ईरान के अधिकांश शीर्ष नेता, जिनमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी शामिल हैं, मारे गए थे। इजरायली सेना के अनुसार, कम से कम तीन हमलों में दागी गई मिसाइलों को इजरायली सेना ने रोक दिया। तेल अवीव ने कहा है कि तेहरान ने गंभीर गलती की है और हमलों का कठोर जवाब देने की कसम खाई है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से जवाबी कार्रवाई न करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने एक्सियोस को दिए एक टेलीफोन साक्षात्कार में कहा मैं अभी बीबी को फोन करके उनसे जवाबी कार्रवाई न करने के लिए कहूंगा। इजरायल ने अपना हमला कर दिया है और ईरान ने अपना हमला कर दिया है। हमें एक और हमले की जरूरत नहीं है। ईरान द्वारा किए गए ये हमले इजरायल द्वारा बेरूत पर किए गए हमलों के जवाब में थे, जिनमें दो लोग मारे गए और 20 घायल हुए। इजरायल की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई के डर से ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने एक बयान में कहा, "यदि इस प्रकार की आक्रामकता दोहराई जाती है, तो जवाबी कार्रवाई व्यापक होगी



और इसमें पूरे क्षेत्र में सभी अमेरिकी और जायोनी लक्ष्य शामिल होंगे।

इजराइल से जुड़े जहाजों पर व्यापक प्रतिबंध लगाकर हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में तनाव बढ़ा दिया है। दुनिया के प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों में से एक पर सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ाते हुए, यमन के ईरान समर्थित हौथी आंदोलन ने सोमवार को घोषणा की कि उसने इजराइल की ओर एक मिसाइल दागी है और लाल सागर में इजराइल से जुड़े जहाजों पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम संभावित तनाव बढ़ने का संकेत है जिससे इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से होकर गुजरने वाले वाणिज्यिक यातायात में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों को बड़े पैमाने पर हमले में ध्वस्त कर दिया गया

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि उन्होंने ईरान के रणनीतिक वायु रक्षा प्रणालियों पर एक बड़ा हमला किया है। आईडीएफ के अनुसार, इन प्रणालियों को हाल ही में ईरान भर में तैनात किया गया था ताकि "द रोरिंग लायन" ऑपरेशन के दौरान कमजोर हुई सैन्य क्षमताओं को बहाल किया जा सके।

# मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा! ईरान ने IAEA प्रमुख ग्रॉसी को घेरा, कहा- निंदा कर रहे हैं

**ईरान**

**ईरान** ने संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी निकाय के शीर्ष नेतृत्व पर तीखी राजनयिक प्रतिक्रिया देते हुए एजेंसी के प्रमुख पर देश के परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच संस्थागत निष्पक्षता से समझौता करने का आरोप लगाया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय निगरानी निकाय की निष्पक्षता पर सीधा सवाल उठाया। तेहरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी पर बढ़ते तनाव के बीच तेहरान के खिलाफ "जानबूझकर पक्षपात" करने का आरोप लगाया है। एजेंसी के हालिया आकलन के व्यापक राजनयिक परिणामों को संबोधित करते हुए, मंत्रालय ने जोर दिया कि महानिदेशक का परिचालन रवैया सत्यापन प्राधिकरण की मूलभूत स्थिति को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचाने की धमकी देता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि संघर्ष और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर ग्रॉसी का रुख संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी निकाय की विश्वसनीयता और वैधता को कमजोर कर रहा है। तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को लेकर बढ़ता यह राजनयिक गतिरोध एक बेहद अस्थिर समय में सामने आया है, जो पश्चिम एशिया में तीव्र सैन्य तनाव के



साथ-साथ घटित हो रहा है। युद्ध के 100वें दिन, इजराइल और ईरान ने आधिकारिक तौर पर एक-दूसरे पर सीधी गोलीबारी की, जिससे क्षेत्र में पहले से ही नाजुक शांति भंग हो गई और एक पूर्ण क्षेत्रीय युद्ध के फिर से भड़कने का खतरा पैदा हो गया। क्षेत्रीय महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर इस समुद्री और सैन्य तनाव को और बढ़ाते हुए, ईरान समर्थित हौथियों ने घोषणा की कि वे लाल सागर, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, पर इजराइली जहाजों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, जैसा कि द जेरूसलम पोस्ट ने रिपोर्ट किया है। इस नवीनतम बहु-मोर्चे वाली सैन्य कार्रवाइयों में एक ईरानी पेट्रोकेमिकल परिसर पर हमला और दो इजराइली ठिकानों को निशाना बनाना शामिल था, जिसकी पुष्टि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने की है।

ये गंभीर शत्रुता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इजराइल से तेहरान की मिसाइलों का जवाबी कार्रवाई न करने का आह्वान करने के कुछ ही घंटों बाद भड़की। सीमा पार युद्धविराम की बुनियादी संरचना में आई दरार रविवार को इजरायल द्वारा बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हवाई हमले शुरू करने के बाद और बढ़ गई। इस प्रारंभिक कार्रवाई के जवाब में ईरान ने इजरायल पर अपना हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप सोमवार को हमलों और जवाबी हमलों का एक तीव्र दौर शुरू हुआ। शत्रुता के इस अचानक पुनः भड़कने से युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के राजनयिक प्रयासों पर एक चिंताजनक छाया पड़ गई है, जो मूल रूप से 28 फरवरी को शुरू हुआ था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस तीव्र सैन्य कार्रवाई से राष्ट्रपति ट्रम्प के तेहरान के साथ एक व्यापक परमाणु समझौते पर बातचीत करके युद्ध से बाहर निकलने के अंतिम प्रयास बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा